दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



सुजोए घोष की फिल्म में नजर आएंगे शाहिद कपूर......



मैं अपनी बेटी को खुद पालूंगी........

वर्ष : 11 | अंक : 14 | लखनऊ, 31 दिसम्बर, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# भारत का रक्षा निर्यात एक दशक में 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया : राजनाथ सिंह

## नरेन्द्र मोदी सरकार तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और संयुक्तता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

महू (मध्यप्रदेश)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात एक दशक पहले के दो हजार करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। दो शताब्दी से अधिक पुरानी महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) में अधिकारियों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि रक्षा निर्यात 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि लगातार बदलते समय में सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण केंद्र भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों को सुसज्जित और तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सिंह ने कहा, एक दशक पहले हमारा रक्षा निर्यात करीब दो हजार करोड़ रुपये था, जो आज 21 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि



भारत में निर्मित उपकरण दूसरे देशों को निर्यात किए जा रहे हैं। सिंह ने अपने भाषण में युद्ध में आमूलचूल परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि सूचना युद्ध, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित युद्ध, छद्म युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे अपरंपरागत तरीके बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उन्होंने इस तरह के हमलों से लड़ने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित करने की आवश्यकता पर बल दिया और महू में प्रशिक्षण केंद्रों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की।

सिंह ने बदलते समय के अनुसार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने और कर्मियों को हर तरह की चुनौती के लिए तैयार करने की कोशिश करने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और संयुक्तता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में सशस्त्र बल बेहतर और अधिक कुशल तरीके से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। सिंह ने कहा कि महू छावनी में सभी शाखाओं के अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। सिंह ने कहा कि भविष्य में अधिकारी को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा, जब आप रक्षा से सम्बद्ध पद संभालते हैं, तो आपको सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आत्मसात करना चाहिए। आत्मनिर्भरता के माध्यम से ही भारत अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर सकता है और विश्व मंच पर अधिक सम्मान प्राप्त कर सकता है। रक्षा मंत्री रविवार से मप्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भारत को दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक और सैन्य शक्तियों में से एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए। इसी तरह, सुरक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। सिंह ने सीमाओं की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देने में सशस्त्र बलों की भूमिका की सराहना की।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए बनाई गई रणनीति

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज। प्रयागराज में अगले महीने आयोजित होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए बहुआयामी रणनीति बनाई गई है। महाकुंभ में पूरे विश्व से 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल महाकुंभ को साइबर सुरक्षित महाकुंभ बनाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके मद्देनजर उत्तर प्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की रणनीति बनायी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रयागराज में साइबर विशेषज्ञों और पुलिस के आला अधिकारियों की एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र में बैठक हुई जिसमें कुछ साइबर विशेषज्ञ डिजिटल माध्यम से भी जुड़े रहे। कुमार ने कहा, महाकुंभ में साइबर अपराध से लड़ने के लिए हमने एक बहुआयामी रणनीति बनाई है जिसमें पुलिस अधिकारियों के अतिरिक्त आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान)- कानपुर जैसे विशेषज्ञ संस्थानों से साइबर विशेषज्ञों को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक (प्रयागराज जोन) भानु भास्कर की अध्यक्षता में हुई बैठक में आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर, अपर पुलिस महानिदेशक (साइबर अपराध), पुलिस आयुक्त प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षक (प्रयागराज रेंज), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला एवं साइबर विशेषज्ञ शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस दौरान साइबर सुरक्षा के संबंध में विचार-विमर्श किया गया एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 23.c |
| न्यूनतम तापमान | 7.c |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,526.14 |
| निफटी | 24,641.80 |

# आप सत्ता में लौटने पर ग्रंथियों और पुजारियों को 18,000 रुपये प्रतिमाह देगी: केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये मासिक भत्ता देने का वादा करते हुए सोमवार को घोषणा की कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में दोबारा सत्ता में आती है तो पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना शुरू की जाएगी। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब दिल्ली में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों में आप लगातार चौथी बार सत्ता में बने रहने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने कहा, पुजारी और ग्रंथी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन उनकी अक्सर उपेक्षा की जाती है। देश में पहली बार, हम उन्हें समर्थन देने के लिए एक योजना शुरू कर रहे हैं जिसके तहत उन्हें 18,000 रुपये का मासिक भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए पंजीकरण कल यानी मंगलवार से शुरू होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह मंगलवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर जाकर वहां पुजारियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे।

# सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी ने इस वर्ष सफलता की कई बुलंदियों को छूआ

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। 2017 में यूपी की कमान संभालने के बाद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के प्रति धारणा बदलने और इसे उन्नति के पथ पर अग्रसर करने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। 2024 में भी यूपी ने कई क्षेत्रों में सफलता के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए गगन को छुआ। इस वर्ष का आगाज रामलला के आगमन से हुआ तो समापन महाकुम्भ की भव्यतम तैयारियों से हो रहा है। 2024 में पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की नई उपलब्धियां...500 वर्ष का इंतजार समाप्त होने के उपरांत 22 जनवरी को श्रीरामलला अयोध्या में अपने मंदिर में हुए विराजमान। पीएम मोदी के करकमलों से विराजमान हुए रामलला, सीएम योगी भी रहे मौजूद

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कश: ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 में योगी सरकार को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले थे। जीसीबी-कश के तहत दो दिन (19-20 फ?वरी 2024) में 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे गए। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योगी के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक पहल का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश को मिली 18 मेडिकल कॉलेज की सौगात: 2024 में स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तर प्रदेश काफी समृद्ध रहा। इस वर्ष उत्तर प्रदेश को 18 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली। बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, गोंडा, औरैया, चंदौली, कौशांबी व सोनभद्र में सरकारी मेडिकल कॉलेज खुले। निजी क्षेत्र में दो व पीपीपी मोड पर तीन मेडिकल कॉलेजों का हुआ शुभारंभ।

संस्कृत के बच्चों की छात्रवृत्ति में 24 वर्ष बाद हुई बढ़ोतरी: योगी सरकार ने 2001 से चली आ रही व्यवस्था में बड़ा सुधार करते हुए 24 वर्ष बाद संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति संशोधन किया। छात्रवृत्ति में तीन गुना तक की वृद्धि की गई। इसका लाभ संस्कृत भाषा में अध्ययन कर रहे डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थियों को हुआ। पहली बार कक्षा 6, 7 और 8 के छात्रों को भी छात्रवृत्ति से जोड़ा गया। 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में संस्कृत के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का वितरण किया।

दीपोत्सव में बना नया रिकॉर्ड, 25.12 लाख से अधिक दीपों से जगमगाई रामनगरी: दीपोत्सव 2024 ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। सीएम योगी के नेतृत्व में रामनगरी में 25 लाख 12 हजार 585 दीप प्रज्ज्वलित हुए। 2023 में पिछली बार 22.23 लाख दीप प्रज्ज्वलित हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में तीन बच्चों की करंट लगने से मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान के कोटा और झालावाड़ में रविवार को अलग-अलग घटनाओं में करंट लगने से तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोटा के महावीर नगर थाना क्षेत्र में टीचर्स कॉलोनी में बिजली के तार पर फंसी पतंग को उतारने की कोशिश कर रहे करण (11) की करंट लगने से मौत हो गई। थाना प्रभारी महेंद्र ने बताया कि कुछ मीटर दूर खड़ा उसका भाई राहुल (नौ) भी करंट लगने से झुलस गया, लेकिन उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। झालावाड़ के अकलेरा कस्बे में देवकरण मीणा (10) और यश (आठ) जब अपने घर के बाहर खेत में खेल रहे थे तभी बिजली का हाईटेंशन तार उन पर गिर गया जिससे दोनों की मौत हो गई।

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार, गोला-बारूद जब्त

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में प्रतिबंधित संगठन कंगलीपाक पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी (प्रीपाक) के दो उग्रवादियों को जबरन वसूली में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों आतंकवादियों की पहचान लीशांगथेम नेपोलियन मेइती (35) और थोकचोम अमुजाओ सिंह (33) के रूप में हुई है और इन्हें रविवार को सांगईप्रौ ममांग लेइकाई से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उनके पास से तीन मोबाइल फोन और 12 मांग पत्र जब्त कर लिए गए। इस बीच, पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों में तलाशी अभियान के दौरान हथियार तथा गोला-बारूद जब्त किया।

# नए साल पर खुशी मनाने की छूट, लेकिन हुड़दंग बर्दाश्त नहीं: यूपी डीजीपी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। 2024 का आखिरी दिन आपका मंगलमय रहे और आप नव वर्ष 2025 का स्वागत कर सकें इसके लिए आपको, उसमें भी खासकर युवाओं को अपने ऊपर कुछ नियंत्रण रखना होगा। नए साल का स्वागत हुड़दंग से करने की जगह आप अपने पूरे साल भर का प्लान तैयार करें, कैसे आपको आगे बढ़ना और अपना लक्ष्य हासिल करना है। लेकिन आप अनियंत्रित हुए और आपकी वजह से किसी को परेशानी हुई तो यूपी पुलिस आपके लिए मुसीबत का सबक बन सकती है। क्योंकि उसके कंधों पर प्रदेश की 24 करोड़ जनता की सुरक्षा के अलावा कानून व्यवस्था संभाले की भी जिम्मेदारी है। इसीलिए नव वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले आयोजनों के दौरान हंगामा करने वालों से पुलिस सख्ती से पेश आएगी। इसके लिए पूरे प्रदेश में संवेदनशील स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। इन स्थानों पर डिप्टी एसपी व एएसपी स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहेगा।



खासकर शराब पीकर गाड़ी चलाने व हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नरों, एसपी, डीआईजी व आईजी को ऐसे निर्देश दिए हैं कि जिलों में होटल, क्लब और मनोरंजन गृहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जहां नववर्ष के कार्यक्रम होते हो, वहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाये। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 31 दिसम्बर को फ्लैग मार्च भी निकाला जाए। महिलाओं की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई जाए।

प्रशांत कुमार ने 112 पुलिस सेवा को निर्देश दिए हैं कि नए साल पर अक्सर युवक सड़कों पर बाइक व कार तेज गति से चलाते हैं जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। इसको देखते हुए शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जाए। ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग की जाए। सभी प्रमुख बाजारों व सीमावर्ती स्थानों पर नजर रखी जाए।

डीजीपी ने अपने निर्देश में कहा है कि नववर्ष पर धार्मिक स्थानों पर काफी संख्या में श्रद्धालु आते है। इसलिए इन स्थानों पर ट्रैफिक व्यवस्था के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल रहे। प्रमुख मंदिरों पर ड्रोन से भी निगरानी कराई जाए। इन स्थानों पर लगे सीसी कैमरे चेक करा लिए जाए। इसके अलावा सोशल मीडिया की 24 घंटे निगरानी की जाए। इन पर आपत्तिजनक पोस्ट व अफवाह होने पर कार्रवाई की जाए।

# मनमोहन सिंह को मिलना चाहिए भारत रत्न

## तेलंगाना विधानसभा ने पारित किया प्रस्ताव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, चर्चा के बाद, प्रस्ताव को पार्टी लाइनों से परे सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया, साथ ही विधानसभा ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन भी रखा। हालाँकि, विपक्ष के नेता के चन्द्रशेखर राव सत्र में शामिल नहीं हुए। रेड्डी ने सिंह की मृत्यु को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया और तेलंगाना की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार उनके योगदान की मान्यता में हैदराबाद के वित्तीय जिले में सिंह की एक प्रतिमा स्थापित करेगी। प्रस्ताव के समर्थन में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने सिंह को आधुनिक भारत का मूक वास्तुकार? कहा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधानसभा एक अलग प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव के लिए एक स्मारक स्थापित करने का आग्रह करे। भाजपा के सदन नेता महेश्वर रेड्डी ने शोक प्रस्ताव के लिए अपनी पार्टी का समर्थन व्यक्त किया

# किसानों के विरोध प्रदर्शन को लेकर पंजाब बंद शुरू

## सड़कें जाम, ट्रेनें रद्द, बसें नदारद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, किसानों ने सोमवार को पंजाब बंद के आह्वान पर राज्य भर में कई स्थानों पर सड़कें अवरुद्ध कर दीं, जिससे कई इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ है। यह बंद सोमवार, 30 दिसंबर को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मनाया जा रहा है। किसानों ने धारेरी जट्टन टोल प्लाजा पर धरना दिया, जिससे पटियाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। केंद्र द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों की मांगें नहीं मानने पर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने पिछले सप्ताह बंद का आह्वान किया था। अमृतसर के गोल्डन गेट पर किसान शहर के प्रवेश द्वार के पास एकत्र होने लगे, जबकि बठिंडा के रामपुरा फूल में उन्होंने सड़कें अवरुद्ध कर दीं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने रविवार को कहा कि हालांकि पूर्ण बंद रहेगा, लेकिन आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।



पीटीआई के अनुसार, उन्होंने कहा, ?बंद सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी। जो कोई भी फ्लाइट पकड़ने के लिए हवाई अड्डे जा रहा है या जो कोई भी नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जा रहा है या किसी को शादी में शामिल होना है... इन सभी चीजों को हमारे बंद आह्वान से बाहर रखा गया है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर सैकड़ों किसान पंजाब-हरियाणा सीमा पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पंजाब बंद के आह्वान के चलते रेलवे ने 150 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। इनमें वंदे भारत और शताब्दी जैसी प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं।

### जगजीत सिंह दल्लेवाल की भूख हड़ताल जारी

इस बीच, 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की भूख हड़ताल सोमवार को 35वें दिन में प्रवेश कर गई। दल्लेवाल ने अब तक चिकित्सा उपचार से इनकार कर दिया है। दल्लेवाल ने पहले कहा था कि जब तक सरकार किसानों की मांगें नहीं मान लेती, वह अपना अनशन नहीं तोड़ेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार को दल्लेवाल को अस्पताल में स्थानांतरित करने के लिए राजी करने के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया है, साथ ही राज्य को आवश्यकता पड़ने पर केंद्र से सहायता लेने की स्वतंत्रता भी दी है।

# सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए किसी को भुगतान नहीं करें: ममता ने संदेशखली निवासियों से कहा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

संदेशखली (पश्चिम बंगाल)। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं द्वारा कथित तौर पर जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर इस साल की शुरूआत में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद संदेशखली के पहले दौरे पर पहुंचीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्थानीय लोगों से कहा कि वे किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए किसी को भी भुगतान न करें। बनर्जी ने सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता करने के लिए उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन की सीमा पर स्थित द्वीप का दौरा किया।



मुख्यमंत्री ने कहा, हम जो कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं, उनके लिए किसी को पैसे न दें। ये कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जाते हैं और पैसा राज्य का है। आपको सीधे अपने बैंक खातों के माध्यम से लाभ मिल रहा है। इसे याद रखें। पैसा लोगों का है। यह आपका अधिकार है। उन्होंने स्थानीय महिलाओं से भी आग्रह किया कि अगर कोई उन्हें किसी कारण से बुलाता है तो वे ध्यान न दें। बनर्जी ने आरोप लगाया कि संदेशखली में विरोध प्रदर्शन को भड़काने के लिए भारी मात्रा में धन का इस्तेमाल किया गया।

उन्होंने कहा, मैं आपसे कहूंगी कि साथ रहें। शरारती लोगों से सावधान रहें और अगर कोई बुलाये तो महिलाओं को नहीं जाना चाहिए। अगर आप राज्य द्वारा संचालित किसी योजना के लिए पंजीकरण चाहते हैं, तो दुआरे सरकार आपके पास आएगी। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि आंदोलन के पीछे एक बड़ा खेल था और पैसे का खेल चल रहा था। बाद में लोगों को एहसास हुआ कि पूरा मामला झूठ था। सच्चाई आखिरकार सामने आ ही जाती है। इस साल की शुरूआत में संदेशखली में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं द्वारा कथित तौर पर जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

बनर्जी ने कहा, मैं इन चीजों को ध्यान में नहीं रखना चाहती। मैं चाहती हूं कि संदेशखली तरक्की करे और स्थानीय लड़कियां और लड़के सफलता हासिल करें। यह दंगों की जगह नहीं है। हम शांति चाहते हैं और हम बबार्दी नहीं चाहते हैं। इस साल जनवरी में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमला किया गया था और उनके वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जब वे करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में अब निलंबित टीएमसी नेता शेख शाहजहां के संदेशखली स्थित आवास पर छापेमारी करने गए थे। इसके बाद, इलाके की कई महिलाओं ने दावा किया कि शाहजहां और उसके आदमियों ने जमीन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है और उनका यौन उत्पीड़न किया है। आरोपों के बाद राज्य में विपक्षी खेमे ने शाहजहां और उसके आदमियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग तेज कर दी।

## युवक को कैफे संचालक ने अपने कर्मियों संग पीटा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र के पूरन नगर में संचालित एक कैफे संचालक ने तीन दिन पूर्व रात्रि समय अपने कैफे में दोस्तों संग काफी पीने आये युवक की बेल्ट व लात घुसो से जमकर पिटाई कर दी जिसकी नामजद शिकायत पीड़ित युवक ने स्थानीय थाना मानक नगर में की है। युवक की शिकायत पर पुलिस सोमवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही में जुटी है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि मेहंदी खेड़ा निवासी भानू प्रताप सिंह पुत्र पंकज सिंह के अनुसार वह बीते 27 दिसम्बर की रात्रि करीब 11 बजे अपने मित्र असीत सोनी, सुरेन्द्र के साथ पूरन नगर सराफा में संचालित द फायर ब्लास्ट कैफे मे काफी पीने गए थे। वहां पर कैफे संचालक अनुज वेटर अंकित, हिमांशु व उसके अन्य साथी मिलकर कस्टमर की लात, घूसे व बेल्टो से जमकर पिटाई कर दी।

## महिला श्रद्धालु से दुर्व्यवहार में दशाश्वमेध थाना प्रभारी लाइन हाजिर

### पुलिस कमिश्नर ने समीक्षा बैठक में कसे अधिकारियों के पेंच

अमन लेखनी समाचार

वाराणसी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने यातायात सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अपराध, कानून-व्यवस्था, सुगम यातायात, अतिक्रमण और महाकुंभ 2025 की तैयारियों का गहन विश्लेषण किया। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की तैयारियों का ब्यौरा दिया, और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### महिला अपराधों पर सख्ती और थानों में सुधार पर फोकस

महिला श्रद्धालु से दुर्व्यवहार को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर ने दशाश्वमेध थाने के इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया। आरोप था कि मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने आई एक महिला के साथ दुर्व्यवहार हुआ, जो जांच में प्रमाणित पाया गया।




सीपी ने समीक्षा बैठक में कहा कि महिला अपराध जैसे छेड़खानी, अपहरण और बलात्कार के मामलों में लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### यातायात प्रबंधन और अतिक्रमण हटाने पर जोर

पुलिस कमिश्नर ने सड़कों और फुटपाथों से अतिक्रमण पूरी तरह से हटाने के निर्देश दिए। हाईवे पर खड़े वाहनों को दुर्घटनाओं का कारण बताते हुए, ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए।

ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए जाम वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और वैकल्पिक मार्ग बनाने की योजना पर जोर दिया गया।सीपी ने थाना और चौकी प्रभारियों को रात्रि गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रात्रि के समय पुलिस बल का एक-तिहाई हिस्सा गश्त और पिकेट ड्यूटी पर लगाया जाएगा। मुख्यालय और जोन स्तर पर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा नियमित चेकिंग जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र: निगरानी व्यवस्था को और बनाएं सुदृढ़

बैठक में सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर ह्लऑपरेशन त्रिनेत्रह्व अभियान को गति देने पर जोर दिया गया। ऐसे व्यक्तियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए जो सीसीटीवी लगाने में असमर्थ रहे हैं। व्यापारियों और निवासियों को सीसीटीवी के लाभों से अवगत कराते हुए उनका सहयोग मांगा जाएगा। सभी कैमरों को नियंत्रण कक्ष से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता पर रहेगा।

### महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर फोकस

महाकुंभ 2025 को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। होटलों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर स्निफर डॉग और बीडीएस टीम द्वारा सघन जांच के निर्देश दिए गए। महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए विशेष प्रबंध करने की योजना बनाई गई है।

### शिकायतों का समयबद्ध करें निस्तारण

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, एक वर्ष से लंबित विवेचनाओं का निपटारा अभियान चलाकर किया जाएगा।दशाश्वमेध थाने के प्रभारी निरीक्षक के रूप में पर्यटक थाना प्रभारी योगेंद्र प्रसाद को नियुक्त किया गया है। पर्यटकों के मार्गदर्शन और सहायता के लिए चार नई पर्यटक चौकियां स्थापित की गई हैं। इनमें काल भैरव मंदिर, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, अस्सी घाट और सारनाथ क्षेत्र शामिल हैं।बैठक में अपर पुलिस कमिश्नर (कानून व्यवस्था) एस. चन्नप्पा, डीसीपी काशी जोन गौरव बंशवाल, डीसीपी वरुणा जोन चंद्रकांत मीना, डीसीपी यातायात हृदेश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर ने इस बात पर जोर दिया कि जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार विनम्र और सहयोगात्मक होना चाहिए।

## तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत, दूसरा घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में सोमवार शाम तेज रफ्तार पर बेकाबू ट्रक ने एक बाइक में ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी चोटिल हो गया, घटना के बाद ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के कंचन पुरी कॉलोनी में रहने वाला इरफान 34 वर्ष पिछले काफी दिनों से आलमबाग में अपनी पत्नी सोनी और 13 वर्षीय बेटे व 11 वषीर्या बेटी के साथ रहकर डाला (लोडर वाहन) चलाता था। इरफान सोमवार शाम करीब 4:15 बजे आलमबाग में रहने वाले अपने साथी सर्वेश 30 वर्ष के साथ बाइक से सरोजनीनगर के कंचनपुरी में ही रहने वाले अपने बहनोई के पास मिलने जा रहा था। तभी कानपुर रोड पर एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे के पास पीछे से आ रहे एलपीजी गैस सिलेंडर लादे तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक (यूपी 32 यूएन 2716) में बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित हो गई और इरफान ट्रक में फंस के नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि सर्वेश को मामूली चोट आई है। पुलिस ने गंभीर हालत में इरफान को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां पहुंचे ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर वहां से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। उधर इस घटना की वजह से कानपुर रोड की लखनऊ से कानपुर जाने वाली पटरी पर कुछ देर के लिए जाम के हालात पैदा हो गए। बाद में पुलिस ने किसी तरह यातायात सुचारु कराया।

## प्लॉट दिलाने नाम पर की गई, नौ लाख रुपए की ठगी

### अब पीड़ित को मिल रही जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले दो लोगों को एक व्यक्ति ने वृन्दावन योजना में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 9 लाख रुपए ठग लिए, न प्लॉट दिलाया और न ही पैसे वापस दिए,पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नर को प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

अनूप कुमार सिंह, निवासी बरियारपुर, डिधावां, सेमरावा, बाराबंकी, हैदरगढ़, हाल पता-जगत खेड़ा, कल्ली पश्चिम, लखनऊ, व मनीष कुमार निवासी, डिधावां, सेमरावा, बाराबंकी, हैदरगढ़, ने बताया कि उन्हें वृन्दावन योजना में प्लॉट की जरूरत थी।इसी दौरान इनकी मुलाकात अभिनेन्द्र विक्रम सिंह, निवासी-ग्राम-बहरेला, देवी गंज, बनी कोडर, बाराबंकी, हाल पता मकान नं-512, सेक्टर-12बी, वृन्दावन योजना, नियर सुभारम्भ मोटो डिटेयलिंग, स्टुडियो & कार स्पा, लखनऊ से हुई थी।

अभिनेंद्र विक्रम सिंह ने वृंदावन योजना (लखनऊ) मे मकान दिलाने का झांसा दिया,इसके कुल नौ लाख रुपए (9,00,000) अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।

जिसमें अनूप कुमार सिंह का ढाई लाख रुपए व मनीष कुमार से साढ़े छ लाख (6,50,000/-) हमने अपने-अपने खाते से सितम्बर 2022 से जनवरी 2023) के बीच अभिनेन्द्र विक्रम सिंह को रुपए उनके खाते मे दिया, जिसके बाद पिछले 2 वर्षों से अभिनेन्द्र विक्रम सिंह कोई मकान नहीं दिलवा पाया, मकान के बारे में पूछे जाने कोई सही उत्तर नहीं देता,अब फोन करने पर अभद्रता करता है।जब उससे मिलने उसके घर गए तो जान से मारने की धमकी दी, उसके बाद फोन नंबर ब्लॉक कर दिया है।

### कैंसिल चेक से और रूपए निकालने का किया प्रयास –

अनूप कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने पत्नी साधना सिंह के खाते की एक कैन्सल चेक संख्या-066353 (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया) को अभिनेन्द्र विक्रम सिंह दिनांक 26.09.2022 दिया था, उसी समय व दिन अभिनेन्द्र विक्रम सिंह ने साधना सिंह के खाते की एक चेक संख्या-066363 (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया) बिना जानकारी दिये चुरा लिया, जिसको कि अभिनेन्द्र विक्रम सिंह ने फर्जी हस्ताक्षर बना कर, बैंक में 12 लाख रुपए निकासी हेतु 17.12.2024 को लगा दिया, जिसकी सूचना मिलते ही साधना सिंह, ने बैंक सहायक (कस्टमर केयर) से टेलिफोनिक सम्पर्क करके उसको दिनांक 17.12.2024 को रुकवा दिया। नहीं तो 12 लाख रुपए और ठग लेता।

## कांस्टीट्यूशन क्लब में उत्तर प्रदेश राज्य चेयरमैन पद की ली शपथ




अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, उत्तर प्रदेश राज्य चेयरमैन पद की कमान संभालेंगे अभिलाष दीक्षित व डिप्टी चेयरमैन बने वैभव मिश्रा उत्तर प्रदेश को अभिलाष दीक्षित देंगे योगी माडल वाला दम दिखेगा अन्य राज्यों में भी दमखम अभिलाष दीक्षित व वैभव मिश्रा ने दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब में राष्ट्रपति के निजी सचिव की उपस्थिति में ली राज्य के सभापति एवं उप सभापति पद की शपथ राष्ट्रीय विधिक अन्वेषण आयोग का शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब में संपन्न हुआ जिसमें राष्ट्रपति के निजी सचिव सतवीर सिंह राणा जी के द्वारा शपथ दिलाई गई मुख्य अतिथि के रूप फिल्म अभिनेता शाहबाज खान एवं केंद्रीय मंत्री श्री सुकांता मजूमदार एवं चीफ कमिश्नर एन एस जी एन पी आनंद व किशोर न्यायालय के न्यायधीश के साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे आयोग का उद्देश्य गरीब शोषित लोगों की संविधानिक दायरे में रहते हुए विधिक सहायता करना सभी वर्ग के लोगो तक पहुंचेगा न्याय जातिवाद व धर्मवाद की राजनीति से ऊपर उठकर बगैर किसी भेद भाव के सबको समान नजर से देखते हुए सभी पीड़ितों को कानूनी सहायता व मदद प्रदान की जाएगी योगी माडल की तरह ही उत्तर प्रदेश को अभिलाष दीक्षित एक नए दम के साथ राज्य चेयरमैन के पद पर काम करेंगे।

## थाना प्रभारी ने वसूली के लिए कारखास को दे रखी कमान, कटान से लेकर खनन तक जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार / अजीत सिंह

बंथरा लखनऊ। पुलिस विभाग में सबसे कमजोर कड़ी के रूप में शुमार थानों पर इंचार्ज की कृपा से तैनात किए जाने वाले कारखासों की वजह से आज भी कानून व्यवस्था कटघरे में खड़ी है। हालत यह कि शायद ही कोई थाना ऐसा हो जहां इनकी मौजूदगी मजबूती से न हो। यह थाने पर किसी रोल मॉडल से कम नहीं होते हैं। थानेदार के अति करीबी माने जाते हैं तो विभागीय अधिकारियों के साथ ही राजनीतिक लोगों से टाइअप करने में इन्हें महारत हासिल होती है। थानों को व्यवस्थित चलाने में इन 'कारखासों' की अहम भूमिका होती है। इनका आदेश इंचार्ज के आदेश की तरह होता है। इंचार्ज के पास कोई बड़ी समस्या जाने से पहले कारखास के पास से ही होकर गुजरती है। इंचार्ज को किससे कब मिलना है, इसकी भी सेटिंग वही करते हैं।

स्थानीय लोग बताते है कि बंथरा प्रभारी थाने का कारखास मकसूद को बना रखा है वही सारे काम देखता है चाहे वह कटान का काम हो, खनन का काम हो या अन्य कोई सेटिंग करानी हो, इन सभी की जिम्मेदारी मकसूद को दी गई है। प्रभारी 'कारखास' के बिना एक कदम भी नहीं चल पाते। कारखास ही थाने का मजबूत स्तंभ है या फिर यह कह लिया जाए कि कमाऊ पूत भी है, कारखास थाना क्षेत्र के अपराधियों से लेकर जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहते हैं। यहां तक कि इंचार्ज के व्यक्तिगत काम भी उन्हीं के जिम्मे रहता है। सुबह 'साहब' के उठने से पहले 'कारखास' उनके आवास पर पहुंच जाते हैं। फिर क्या करना है और कब किससे मिलना है, कौन मिलने आ रहा और क्षेत्र में कहां क्या घटित हुआ आदि की पूरी जानकारी देते हैं। यहां तक कि थाने में तैनात अन्य सिपाही भी अपनी समस्या इंचार्ज से कहने के बजाय 'कारखास' से ही बताते हैं। वह इसकी जानकारी इंचार्ज को देते हुए निस्तारण कराकर उन पर अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इससे सिपाही भी इसका विरोध नहीं कर पाते। यह थाने के अंदर व बाहर दोनों साइड पर अपना नियंत्रण रखते हैं।

क्षेत्र की अधिकांश घटनाओं को मैनेज कराने में इनकी अच्छी भूमिका रहती है। कहीं-कहीं तो अपराध को बढ़ावा देने में भी 'कारखास' का अहम रोल माना जाता है। जुआ, सट्टा के अड्डे चलवाने के साथ ही नशा विक्रेताओं, खनन माफियाओं, अवैध कारोबारियों से इनकी साठगांठ तगड़ी रहती है। अधिकांश समय यह सादे ड्रेस में रहते हैं। किसी बड़े अधिकारी के आने पर ही ये वर्दी धारण करते हैं। अवैध रूप से मिलने वाले धन के कारण इंचार्ज इनके इशारे पर नाचने लगते हैं। 'कारखास' से थाने पर तैनात सिपाही भी पंगा लेने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। ऐसे में कहे तो इनकी भूमिका चूल्हे से लेकर चौकी तक होती है जिससे आज अपराध से लेकर कानून व्यवस्था तक लड़खड़ाते ही चल रहा है।

## बेखौफ चोरों का आतंक, ट्रांसपोर्ट नगर से दस चक्का ट्रक किया गायब

**सरोजनीनगर में ट्रांसपोर्ट नगर से दूसरा ट्रक हुआ चोरी,**

**सरोजनीनगर में बेखौफ हुए चोर, बड़ी चुनौती देते आ रहे हैं सरोजनीनगर पुलिस को बेखौफ चोर,**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर से बीते दिनों एक दस चक्का ट्रक चोरी हो गया। जानकारी होने के बाद पीड़ित ट्रक मालिक ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशियाना के सेक्टर-एच एलडीए कॉलोनी में रहने वाले दीनानाथ सिंह के मुताबिक 26 दिसंबर को वह अपनी दस चक्का ट्रक (यूपी 32 एफएन 5271) से चारबाग में माल उतार कर लौटा और रात को करीब 1 बजे ट्रांसपोर्ट नगर में एचपी पेट्रोल पंप के सामने पानी की टंकी के पास खाली जगह खड़ी कर दी। बाद में वह घर चला गया। 28 दिसंबर को दोपहर करीब 12 बजे जब वह अपनी गाड़ी के पास पहुंचा तो ट्रक वहां से गायब मिला। यह देखकर उसके होश उड़ गए। उसने इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने मामले के रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के जरिए ट्रक व चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## तीन बजे तक का स्कूल, दो बजे ही कर दी छुट्टी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरकारी स्कूल का संचालन सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक होना अनिवार्य है। इसके बावजूद दो बजे ही प्रधानाध्यापक ने बच्चों को छोड़ दिया। यह खुलासा बीएसए के औचक निरीक्षण में हुआ। मौके पर शिक्षक भी अनुपस्थित मिले। नाराज बीएसए ने वेतन वृद्धि रोकते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बीएसए ने सोमवार को काकोरी के एक और मलिहाबाद के दो विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। बीएसए राम प्रवेश करीब दो बजे मलिहाबाद कसमंडी कला विद्यालय प्रथम में पहुंचे। यहां उन्हें एक भी बच्चा नहीं मिला। प्रधानाचार्य का चार्ज संभाल रहे अवधेश कुमार पहले तो बीएसए को पहचान ही नहीं पाए। जब उनसे बीएसए ने बच्चे न होने का कारण पूछा तो पता चला की जल्दी छुट्टी की गई है। इस दौरान अन्य शिक्षकों में सतीश चंद्र, अनिल कुमार गौतम का अवकाश का विवरण नहीं पाया गया। मनीष श्रीवास्तव मौके पर नहीं मिले। बताया गया कि प्रधानाध्यापक ऊषा लंबे समय से मेडिकल अवकाश पर चल रही हैं। विद्यालय की ऐसी चौपट व्यवस्था को देखते हुए सभी शिक्षकों को बीएसए ने नोटिस जारी किया है। साथ ही वेतन वृद्धि भी रोक दी गई है।

बीएसए राम प्रवेश ने बताया कि मौजूदा समय में सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक विद्यालय में शिक्षण कार्य होगा। इसके बाद शिक्षक 3:30 बजे तक विद्यालय में रुककर विभागीय कार्य निपटाएंगे।

### प्राथमिक स्कूल चतुरीखेड़ा काकोरी में जर्जर मिले ब्लैक बोर्ड

प्राथमिक स्कूल चतुरीखेड़ा काकोरी में ब्लैकबोर्ड जर्जर अवस्था में मिले। बीएसए ने प्रधानाध्यापक से इसका कारण पूछा तो पता चला कि इस सत्र में बोर्ड को सही नहीं कराया गया। जांच में पता चला कि विद्यालय विकास के लिए आने वाली कंपोजिट ग्रांट से व्यवस्था दुरुस्त की जानी थीं जो नहीं हुआ। बीएसए ने जवाब मांगा है। यहां पंजीकृत 34 बच्चों में से 31 उपस्थित मिले।

### प्राथमिक विद्यालय कसमंडी कला-2 को मिलेगा नया भवन

मलिहाबाद के प्राथमिक विद्यालय कसमंडी कला-2 को नया भवन मिलेगा। बीएसए ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सारा आकलन कर लिया गया है। इसके लिए बजट भी जारी हो गया है। जल्द ही यहां निर्माण कार्य शुरू होगा।

## प्रधानाचार्य को पद से हटाने की हो रही साज़िश

**शिक्षक संघ ने जताया विरोध,की बैठक, प्रबंधक श्रीकांत साहू पर आरोप।**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। तेलीबाग स्थित राम भरोसे मैकूलाल इंटर कॉलेज फिर सुर्खियों में है,कॉलेज प्रबंधन ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य को उसके पद से हटाने के लिए नोटिस जारी की है। इसे शिक्षक संघ ने प्रबंधन की गुंडागर्दी बताते हुए शिक्षकों का शोषण करने का तरीका बताया है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने प्रबंधक द्वारा कॉलेज परिसर में किए जा रहे अनैतिक कार्यों का विरोध किया था,जिससे वह बौखलाए हुए हैं। जब कि जिला विद्यालय निरीक्षक की अनुमति के बिना किसी भी शिक्षक को उसके पद से हटाया नहीं जा सकता, लेकिन वह अपने प्रबंधक होने का नाजायज फायदा उठाना चाहते हैं। जिसका शिक्षक संघ खड़ा विरोध करता है, और जरूरत पड़ी तो प्रबंधन के खिलाफ न्यायालय की शरण ली जाएगी। प्रबंधक पर यह हैं आरोप - प्रधानाचार्य डॉ रामचंद्र ने बताया कि प्रबंधक ने अनैतिक तरीके से धन कमाने के लिए जहां कॉलेज की जमीनें बेच दी है,वही बची जगह में वैवाहिक आयोजन, पटाखा बाजार, कम्बल,गर्म कपड़ों की बाजार लगवाते हैं,जिसकी अनुमति प्रधानाचार्य से नहीं ली जाती,पैसे का सदुपयोग कॉलेज के सुंदरीकरण ,और सुविधाओं के लिए नहीं किया जाता, और जब इस पर चर्चा की बात आती है तो प्रबंधक अपने पद और पहुंच का दुरुपयोग करता है।

## योजना की खराब स्थिति पर सीडीओ नाराज

**काम पूरा न हुआ तो सेक्रेटरी पर कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

वाराणसी। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की मीटिंग हुई। इसमें पोषण ट्रैकर और कन्वर्जेंस से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। 67 केंद्रों के बाल मैत्रिक शौचालय व नल से जल का कार्य 24 केंद्रों पर प्रारंभ न होने पर नाराजगी जताई।साथ ही 15 दिनों में काम पूरा न होने पर ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। सीडीओ ने विभागीय अधिकारियों से पोषण ट्रैकर के बारे में विस्तार से जानकारी ली।वहीं नल से जल योजना की प्रगति जानी। इस दौरान पाया गया कि 24 केंद्रों पर नल से जल का काम अभी शुरू ही नहीं हो सका है।

## इंटर ब्रांच एथलेटिक मीट स्पर्धा-2024-25 का सफलतापूर्वक समापन

**लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउन्डेशन) साउथ सिटी शाखा द्वारा समापन**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। दो दिवसीय इंटर ब्रांच एथलेटिक मीट 2024-25 का लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउन्डेशन) की साउथ सिटी शाखा में सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रतिस्पर्द्धा में एथलेटिक्स के अन्तर्गत कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 तक की कैटेगरी में स्प्रिन्ट रेस, रिले रेस, हर्डल रेस, लम्बी कूद, ऊँची कूद, जैवलिन थ्रो, गोला फेंक आदि एवं रोप स्किपिंग, योगा एवं रिदमिक योगा की प्रतियोगिताएँ कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 तक की कैटेगरी में आयोजित की गयीं। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की सभी शाखाओं से आए लगभग 1100 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। ओवर आल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की ट्रॉफी एल.पी.एस. साउथ सिटी ने अपने नाम की जबकि ओवर आल रनर-अप का खिताब एल.पी.एस., जानकीपुरम् ने जीता।रिदमिक योगा प्रतियोगिता में विनर की ट्रॉफी एल.पी.एस. साउथ सिटी के खाते में आई जबकि रनर-अप की ट्रॉफी एल.पी.एस. एल्डिको ने अपने नाम की। रोप स्किपिंग में ओवर आल ट्रॉफी सेक्टर-आई ने जबकि रनर अप की ट्रॉफी एल.पी.एस. साउथ सिटी ने हासिल की। योगा प्रतिस्पर्द्धा में ओवर आल ट्रॉफी एल.पी.एस. साउथ सिटी ने जीती।अन्त में मेजबान शाखा द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें साउथ सिटी शाखा के प्रधानाचार्य शेखर शर्मा एवं उपप्रधानाचार्या श्रीमती दीप्ति तिवारी ने सभी विजयी छात्र/छात्राओं को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही निर्णायक मंडल को धन्यवाद ज्ञापित किया।विद्यालय के प्रबन्धक लोकेश सिंह और निदेशिका रश्मि पाठक ने सभी विजेताओं को जीत की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य, इंचार्ज समेत समस्त शिक्षक-गण उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में दो की मौत, चालक फरार

**पुलिस की लापरवाही से क्षेत्र में बढ़ रहा दुर्घटना का ग्राफ**

अमन लेखनी समाचार

बंथरा क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से एक मजदूर व एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से लखीमपुर खीरी जिले के निघासन थाना स्थित तिकुनिया गांव के रहने वाले राजा उर्फ पप्पू कश्यप उम्र 48 वर्ष अपने दामाद रामकिशन के गांव बंथरा के बनी में किराए पर पत्नी चंदा देवी के साथ रहकर अमेजॉन कंपनी के पास एक ढाबे पर मजदूरी का कार्य करता था। सोमवार करीब 10 बजे पप्पू साइकिल से ढाबे पर काम करने लिए जा रहा था तभी ढाबे के पास तेज रफ्तार पिकअप (यूपी 32 एमएन 2554) ने जोरदार टक्कर मार दी पप्पू बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंचे दामाद रामकिशन ने पुलिस की मदद से एंबुलेंस के जरिए उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर पप्पू की मृत्यु हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी चंदा देवी बेटी रितु और राधा है। उधर घटना के बाद पिकअप वाहन चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं दूसरी तरफ उन्नाव जिले के असोहा में रहने वाली माया देवी उम्र 50 वर्ष सोमवार सुबह अपना इलाज कराने बेटे विकास के साथ मोटरसाइकिल से लखनऊ आ रही थी। तभी बंथरा में उम्मेद खेड़ा गांव के पास करीब 9:30 बजे तेज रफ्तार डंपर ने (यूपी 63एटी 2018) ने उनकी मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी माया देवी बुरी तरह से घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## महिला का पर्स छींनने वाले शातिर गिरफ्तार

### पर्स व घटना में प्रयुक्त एक अदद बुलेट बरामद

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार दिनदहाड़े ऑटो कैब में बैठी महिला का पर्स लूट की घटना को अंजाम देने वाले बुलेट सवार बदमाशों को पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया है। लुटेरों के कब्जे से पुलिस टीम ने लूटी गई पर्स और घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक बरामद किया है। कृष्णा नगर इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर कैब ऑटो में बैठी महिला से पर्स लूट की घटना को अंजाम दे बदमाश फरार्टा भरते हुए फरार हो गए थे इस घटना की सूचना मिलते ही बदमाशों की तलाश में टीम गठित किया गया था सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना पर 24 घंटे में रविवार शाम घटना में शामिल दोनों शातिरों को भोला खेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार कर डॉक्टर की लूटी गई पर्स और घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक वरामद कर लूट की घटना का सफल अनावरण किया गया है। गिरफ्त में आये दोनों बदमाश पेशेवर शातिर अपराधी है जिनके खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज है और पूर्व में भी जेल जा चुके है। पूछताछ में दोनों बदमाशों ने अपना नाम पता नसीम खान उर्फ गोलू पुत्र नियामत खान निवासी ओशोनगर कनौसी थाना कृष्णानगर एवं शैलेन्द्र त्रिवेदी उर्फ जीतू पुत्र सुन्दरलाल निवासी ओशोनगर कनौसी थाना कृष्णानगर लखनऊ बताया है।दोनों बदमाशों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में बरामदगी की धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया गया है।

# प्रभारी मंत्री ने जनपद का भ्रमण कर की बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम अमरैथा में संचालित बृहद गौशाला का निरीक्षण किया गया तथा विकास भवन सभागार में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद में निमार्णाधीन विकास कार्य यथा कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे, लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निमार्णाधीन सड़कों, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्य सहित भवन व सेतु निर्माण की अन्य परियोजनाओं सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत सप्लाई, खाद्यान्न वितरण, पेंशन, राजस्व कार्य, सड़क सुरक्षा, कानून व्यवस्था, पशुपालन, निराश्रित गौवंश संरक्षण, वनीकरण, डेयरी, कृषि, उद्यान, मत्स्य, सहकारिता आदि जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए तहसीलवार गौचर, चरागाह एवं ग्राम समाज की भूमि की जानकारी ली गयी। इसके साथ ही मंत्री द्वारा सर्दी के दृष्टिगत गौवंश के बेहतर रख-रखाव हेतु सभी गौशालाओं में अलाव, झूल, लाईट, शेड, पानी, भूसा, हरा चारा आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषि के साथ-साथ पशुपालन आवश्यक है इसलिए जनपद में गायों को संरक्षित कर उनका भरण-पोषण किया जाये। उन्होने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसीलवार चिन्हित की गयी गौचर भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराकर उस भूमि पर नैपियर तथा एजोला घास लगवाएं ताकि वर्ष भर गौवंशों के लिए हरा चारा उपलब्ध हो सके। अन्ना गौवंश की समस्या से निजात हेतु जनपद स्तर से ग्राम स्तर तक सभी अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को समाज की सक्रिय सहभागिता के साथ एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होने बताया कि कृत्रिम गभार्धान को बढ़ावा देने हेतु सीमेन की कीमत सरकार द्वारा 300 रुपए से घटाकर 100 रुपए कर दी गयी है ताकि ज्यादा से ज्यादा पशुपालक/किसान इससे लाभान्वित हो सके। बेसिक शिक्षा को लेकर उन्होने निर्देश दिये कि सभी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए वहॉ पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करायी जाए। इसके अलावा मंत्री ने बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने, जॉमिंग की समस्या को रोकने, रोड अतिक्रमण को हटाने, रोस्टर के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने, विद्युत बिल सुधार करने आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता पी0 डब्ल्यू0डी0 द्वारा प्रतिभाग न करने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा सिल्ट सफाई, दिव्यांग पेंशन व आधार सिडिंग, किसान सम्मान निधि योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना, विद्युत बिल सुधार, फसल बीमा व पीएम कुसुम योजना, स्ट्रीट लाईट योजना आदि में प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त करने पर संबंधित विभागों की सराहना की गयी तथा अन्य विभागों को और अच्छा काम कर अपनी रैंक सुधारने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने राजस्व कार्यों को लेकर जिलाधिकारी गौरांग राठी से कहा कि वरासत, पैमाइश, नामांतरण, भूमि उपयोगिता, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि कार्य जनपद में समयांतर्गत पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुडे. मामलों को बेहतर व सुगम बनाया जाए, ताकि आम लोगों को परेशान न होना पड़े। जिलाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि विकास कार्यों में जनपद की प्रदेश में 15 वीं रैंकिंग है। उन्होने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल योजना में तीव्रता लाने हेतु श्रमिक क्षमता को तीन गुना तक बढ़ाया गया है, ताकि जल्द से जल्द लोगों को इसका लाभ मिल सके। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जन संवाद अभियान के तहत हर बृहस्पतिवार को असंतुष्ट फीडबैक देने वाले शिकायतकताओं को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी जाती हैं। राजस्व न्यायालयों में 05 साल से अधिक समय से लम्बित सभी वाद खत्म हो चुके हैं तथा 03 साल से पेंडिग केस भी अधिकांशतः निस्तारित किये जा चुके है, साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में ज्ञानालय एवं खेल का मैदान बनाये जा रहे है ताकि बच्चों का मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो सके।




जिलाधिकारी द्वारा जनपद में आईजीआरएस निस्तारण, जन संवाद अभियान व ज्ञानालय की स्थापना आदि जैसे किये गये नवाचारों की प्रभारी मंत्री द्वारा सराहना की गयी। उन्होंने जनपद की सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा व साइबर क्राइम आदि को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण शिकायत कर्ता के साथ असभ्य व्यवहार कदापि न करें। लोगों की समस्या को गम्भीरता से सुनें तथा निदान करें। सामान्य नागरिक पुलिस को अपना मित्र समझे, ऐसा व्यवहार अमल में लाएं। जनपद में नागरिक सुरक्षा चाक-चैबन्द रहे। एसपी द्वारा पुलिस विभाग में आपरेशन भरोसा, गरूण वाहिनी दस्ता, बीट चलो अभियान जैसे नवाचार तथा आपरेशन कन्विक्शन में किए गए अच्छे कार्य की मंत्री द्वारा सराहना की गयी। साथ ही निर्देश दिए गए कि वर्ष भर में जिस गांव से एक भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई हो उसे वाद रहित आदर्श गांव घोषित कर उसमें जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कराएं। बैठक के दौरान सांसद डॉ० स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह, एम०एल०सी० रामचन्द्र प्रधान, एम0एल0सी0 अरूण पाठक, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक भगवन्त नगर आशुतोष शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गौंड सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी गण तथा समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत गाँव बैगुलालखेडा में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। महिला के मायके पक्ष के लोगो ने ससुराल पक्ष पर मार डालने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्तपताल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के बैगुलालखेडा निवासी संदीप उर्फ कल्लू की पत्नी सरोज काफी समय से बीमार चल रही थी। रविवार रात सरोज की मौत हो गयी। सूचना पर रायबरेली जिला के गांव बरसायतपुर थाना सरेनी निवासी मायके पक्ष के लोग पहुंचे और पोस्टमार्टम कराए जाने की जिद पर अड़ गए। घर पर केवल उसका पति संदीप व सास रूपरानी ही रहती थी। मृतका के डेढ़ साल की एक बेटी भी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की सहमति पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि मृतक के भाई कृष्ण शंकर पुत्र कृपा शंकर की सूचना पर कार्यवाही की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मृतका के पति संदीप ने बताया कि 2021 में उसका विवाह हुआ था। लंबे समय से उसकी पत्नी बीमार चल रही थी जिसका इलाज चल रहा था। मायके पक्ष के लोगों ने कहा कि इलाज में लापरवाही की गई जिसके चलते सरोज की मौत हुई है।

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला किसान का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मडाउ खेड़ा गांव का रहने वाला एक किसान खेतों में खड़ी फसल की देखरेख करने के लिए खेत गया था। सोमवार के सुबह उसका शव फांसी के फंदे से पेड़ से लटकता मिला। पड़ोसी किसान ने देखा तो घटना की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताया है।बिछिया ब्लॉक के मडाऊ खेड़ा निवासी शिवनारायण साहू ( 45 ) पुत्र स्व. बच्चउ लाल के खेत गांव से ही कुछ दूरी पर है। रविवार की रात वह खेतों में खड़ी फसल को अन्ना जानवरों से बचाने के लिए रखवाली करने गया था। सोमवार की सुबह वह घर नहीं लौटा। उधर पड़ोसी किसान ने उसका शव खेत के पास खड़े पेड़ से लटकता देखा तो घटना की जानकारी परिजनों को दी।घटना की जानकारी पर पुलिस खुद ही मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से उतारने के बाद पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के तीन बेटी एक बेटा है। बेटा आयुष नेवी में है। वहीं परिजन घटना को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। शिवनारायण सब्जी की दुकान लगाकर परिवार का कारण पोषण करता था।

## मोबाइल पर गाना बजाने को लेकर पति पत्नी में हुआ विवाद पत्नी ने निगला जहरीला पदार्थ

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। रविवार रात पति-पत्नी के बीच मोबाइल पर गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।मामला बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर गांव के पास ईंट भट्टे का है। सीतापुर निवासी धर्मपाल और उसकी पत्नी बंदना ईंट भट्टे पर मजदूरी करते हैं। रविवार रात करीब 9 बजे धर्मपाल ने मोबाइल पर गाना बजाया, जिस पर बंदना से उसकी कहासुनी हो गई। मामूली बात पर शुरू हुई बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच झगड़ा और मारपीट की नौबत आ गई। इससे आहत होकर बंदना ने गुस्से में जहरीला पदार्थ खा लिया।पत्नी की हालत बिगड़ते देख धर्मपाल ने तुरंत घटना की जानकारी भट्ठा मालिक को दी। मालिक ने फौरन बंदना को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला के पिता घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे। उनकी हालत बेटी की स्थिति देखकर खराब हो गई। उनका इलाज किया गया।

## दो सगी बहनों के साथ युवक ने की मारपीट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हिन्दुखेड़ा की दो सगी बहनों के साथ नगर नवाबगंज में कपड़े के व्यापार करने वाले एक युवक ने मारपीट की। युवतियों का आरोप है कि युवक गुडडू यादव पास ही कपड़े का व्यापार करता है। व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के कारण अक्सर उनसे विवाद करता था।गुडडू यादव ने दोनों बहनों के साथ मारपीट की और अभद्रता भी की। इस घटना का एक वीडियो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया है। युवतियों ने बताया कि वो अपनी दुकान पर कपड़े का व्यापार कर रही थीं तभी युवक ने बिना किसी कारण के उनके साथ विवाद शुरू कर दिया।विवाद बढ़ने पर आरोपी युवक ने दोनों बहनों को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। युवतियों का आरोप है कि युवक ने उनकी इज्जत से भी खिलवाड़ किया और उन्हें अपमानित किया। मारपीट के बाद जब युवती इस घटना की शिकायत करने के लिए अजगैन कोतवाली गई तो उन्हें नवाबगंज चौकी भेज दिया गया।विवाद बढ़ने पर आरोपी युवक ने दोनों बहनों को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। युवतियों का आरोप है कि युवक ने उनकी इज्जत से भी खिलवाड़ किया और उन्हें अपमानित किया। मारपीट के बाद जब युवती इस घटना की शिकायत करने के लिए अजगैन कोतवाली गई तो उन्हें नवाबगंज चौकी भेज दिया गया।युवतियों के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और मामले को हल्के में लिया। परिजनों ने कहा कि पुलिस की यह लापरवाही से आरोपी युवक को कोई सजा नहीं मिल रही है। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने मामले की गंभीरता को नजरअंदाज किया, जिससे उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद कम हो गई है।इस बीच, मारपीट का जो वीडियो सामने आया है, उसमें आरोपी युवक युवतियों के साथ मारपीट करता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो में युवक की पहचान स्पष्ट रूप से हो रही है। युवतियों का यह भी आरोप है कि चूंकि वे अनुसूचित जाति से हैं, इसलिए आरोपी युवक ने उन्हें जातिगत कारणों से परेशान किया।

## सड़क हादसे में महिला की हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना क्षेत्र के असोहा कस्बे के रामप्रसाद लोधी की 55 वर्षीय पत्नी माया देवी सुबह साढ़े आठ बजे अपने पुत्र विकास के साथ बाइक से दवा लेने लखनऊ जा रही थी ,अभी दोनो लोग बंथरा थाना क्षेत्र के उम्मेद खेड़ा गांव के पास पहुंचे ही थी कि बगल से निकल रहे ट्रक को ओवर टेक करते समय बाइक ट्रक से जा भिड़ी जिससे माया देवी को गम्भीर चोटे आ गई राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन घयाल माया देवी को लखनऊ इलाज के लिये ले जा रहे थे जहां रास्ते मे मौत हो गई ।परिजनों की सूचना पर पहुंची बंथरा थाने के पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया ।मृतका अपने पीछे तीन पुत्र नरेश , 40 वर्ष , विकास 30 वर्ष एवम विशाल 25वर्ष छोड़ गई।

## नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नए साल के जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि जश्न के नाम पर कोई भी अव्यवस्था न हो। 31 दिसंबर की रात शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। विशेष रूप से हाईवे और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन न चलाए और हुड़दंग न करे। पुलिस कर्मी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुस्तैद रहेंगे और चिह्नित प्वाइंट्स पर हंगामा करने वाले लोगों को हवालात भेजा जा सकता है।शहर में रविवार की शाम से ही लोग नए साल के जश्न के लिए पहले ही बाजारों में खरीदारी करने निकल पड़े थे, जिसके चलते प्रमुख बाजारों में भारी भीड़ और जाम लग गया। शहर के बड़े चौराहे, जैसे कि बड़ा चौराहा, धवन रोड, और छोटा चौराहा, गुलजार रहे। बेकरी, सजावट के सामान, जनरल स्टोर और शराब की दुकानों पर भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। इन बाजारों में वाहनों की आवाजाही के कारण जाम की स्थिति बन गई थी।नए साल की पूर्व संध्या को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर, एसपी ने जिले के सभी सर्किल के सीओ और थानाध्यक्षों को चेकिंग के निर्देश दिए हैं। पुलिस हर चौराहे पर तैनात होगी और किसी भी तरह की हुड़दंग या अव्यवस्था को तुरंत नियंत्रित करेगी। खासकर, शराब के नशे में वाहन चलाने वालों और होटलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने यह भी बताया कि पुलिस कर्मियों को सादी वर्दी में भी तैनात किया जाएगा, ताकि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रख सकें।नशे में धुत होकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की खास नजर रहेगी। यातायात प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि पुलिस की एक टीम हाईवे और सार्वजनिक चौराहों पर तैनात की जाएगी। इन स्थानों पर विशेष चेकिंग की जाएगी ताकि नशे में कोई भी व्यक्ति वाहन न चलाए और यातायात व्यवस्था में कोई विघ्न न पड़े।पुलिस ने शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर नजर रखने के लिए हाईवे और शहर स्थित शराब की दुकानों को चिह्नित किया है। यहां यदि किसी ने नशे में धुत होकर हंगामा किया या वाहन चलाने की कोशिश की, तो उन्हें तुरंत हवालात भेजा जा सकता है। इसके अलावा, इन दुकानों के आसपास पुलिस की गश्त भी बढ़ा दी जाएगी।अगर नववर्ष की पूर्व संध्या के दौरान बाजारों में ज्यादा भीड़ जमा होती है, तो आईबीपी और अचलगंज चौराहों पर बैरियर लगाकर भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया जाएगा। इन वाहनों को हाईवे से होकर भेजा जाएगा, ताकि शहर के मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति न बने। पुलिस प्रशासन ने यह कदम सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया है।

## फसल में झुलसा रोग के बचाव के लिए किसान दवा का करें छिड़काव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला उद्यान अधिकारी सुरेंद्र राम भास्कर ने बताया है कि खेतों में मौजूद फसलों पर रोग तथा पाला का प्रकोप दिखने पर किसान समय से दवाओं का छिडकाव करें ताकि फसल तथा फसलों की उत्पादकता प्रभावित न होने पाये। वर्तमान में टमाटर, बैगन, आलू व मिर्च आदि की समय से निराई व गुडाई आवश्यक है झूलसा रोग के बचाव के लिए 2 ग्राम मैकोजेब प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिडकाव लाभकारी है। उक्त बातों की जानकारी जिला उद्यान अधिकारी सुरेन्द्र राम भाष्कर ने बताया तथा सुझाव दिया कि वर्तमान समय में खेतों में मौजूद सब्जियों पर माहू कीट से बचाव के लिए मोनोक्रोटोफास या डाईमिथोएट 1 मि0ली0 पानी में घोल बनाकर किसान छिडकाव करें तथा मटर की फसल में बुकनी रोग से बचाव के लिए 25 किलोग्राम प्रति हे0 की दर से घुलनशील गंधक का छिडकाव करें एवं प्याज की फसल को पर्पल ब्लांच के नियंत्रण के लिए 0.2 प्रतिशत जीनेब के घोल का छिडकाव लाभकारी होता है। उन्होने आगे कहा कि किसान लहसुन की फसल की सिंचाई, निराई व गुडाई करते रहे ।फसलों का बराबर निरीक्षण तथा रोग की स्थिति देखने पर बचाव हेतु दवा का छिडकाव आवश्यक है अन्यथा फसल तथा फसल की उत्पादकता प्रभावित हो सकती है।

## अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम को दिया शिकायत पत्र



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर टाउन एरिया के निवासियो ने उपजिलाधिकारी से बंजर जमीन पर किये जा रहे अवैध निर्माण को रोकने के गुहार लगाई है जिस पर उपजिलाधिकारी ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। कस्बा भगवंतनगर के वार्ड नं०3 के निवासियों ने उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ग्राम गढेवा की गाटा संख्या-47 बंजर दर्ज है जिस पर कुछ लोग निर्माण किये हुये है एवं कुछ लोग निर्माण कर रहे है जिसे न्यायहित में रोंका जाना आवश्यक है। उक्त भूमि पर किये जा रहे निर्माण को रूकवाने एवं पूर्व में हो चुके निर्माण को हटवाने की मांग उपजिलाधिकारी से की है जिस पर जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन उपजिलाधिकारी द्वारा दिया गया है।

## कोहरे व शीत लहर के चलते घरों में दुबके लोग

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दिसंबर माह के आखिरी सप्ताह में सर्दी ने उन्नाव शहर और ग्रामीण इलाकों में जमकर असर दिखाया। सोमवार को कोहरे और शीतलहर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। गलन और बर्फीली हवाओं ने वातावरण को और भी ठंडा बना दिया, जिससे आम जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। दिन भर सर्द हवाओं का असर शहर में महसूस किया गया और लोग ठंड से कांपते नजर आए।सुबह से ही सूर्य की किरणों का दर्शन नहीं हुआ, जिससे गलन की स्थिति और भी विकट हो गई। उन्नाव में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि हवाओं की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटे रही। यह ठंडी हवा लोगों के लिए मुसीबत बन गई थी, जिससे बाहर निकलने में भी कठिनाई हो रही थी।सर्दी के असर के कारण लोग ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़े पहनकर बाहर निकलने को मजबूर थे, लेकिन फिर भी ठंड से राहत नहीं मिल रही थी। कोहरे के कारण सुबह-सुबह सड़कों पर दृश्यता बहुत कम थी, जिससे यातायात व्यवस्था में भी समस्या आ रही थी। खासकर हाईवे, बैराज मार्ग, आजाद मार्ग और नवीन पुल पर वाहन रेंगते हुए गुजर रहे थे। दोपहिया वाहन चालकों ने कोहरे से बचने के लिए अपनी फॉग लाइटें जला रखी थीं। सर्दी और कोहरे के बीच यातायात बेहद धीमा था और कई स्थानों पर वाहनों का लंबा जाम भी लग गया।सर्दी का असर सिर्फ सड़क यातायात तक सीमित नहीं था, बल्कि रोजमर्रा के कामकाज भी प्रभावित हुए। ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्री परेशान थे क्योंकि सर्दी के कारण ट्रेनें देरी से चल रही थीं और प्लेटफार्मों पर भी भीड़ बढ़ गई थी। सार्वजनिक स्थानों पर भी चहल-पहल कम रही और कई दुकानदारों को अलाव की व्यवस्था न होने के कारण ठिठुरते हुए देखा गया। खासकर पटरी पर स्थित दुकानदार, रिक्शा चालक और यात्री सर्दी से बचने के लिए कोई उपाय नहीं कर पा रहे थे।सर्दी के कारण आम लोगों का जीवन मुश्किल हो गया था। बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से ठंड से परेशान थे। इसके साथ ही, दुकानों में भी ग्राहक नहीं आ रहे थे, जिससे व्यापारियों की परेशानी और बढ़ गई। सर्दी में ठिठुरते हुए लोग किसी भी प्रकार की राहत पाने के लिए अलाव के पास इकट्ठा हो रहे थे। नम मौसम के कारण वातावरण में नमी भी बनी रही, जिससे घरों में भी ठंडक महसूस हो रही थी।रात के समय चहल-पहल कम देखने को मिली और सर्दी ने रात को और भी ठंडा कर दिया। लोग जल्दी घरों में कैद हो गए थे। खासकर उन स्थानों पर जहां अलाव की व्यवस्था नहीं थी वहां लोगों को कड़ी ठंड का सामना करना पड़ा। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक ठंडी और शीतलहर की स्थिति जारी रहने की संभावना जताई है। ऐसे में, लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है, खासकर उन लोगों से जो सर्दी के प्रभाव से बाहर निकलने को मजबूर होते हैं।

## तिलहर में कोतवाली पहुंची स्कूली छात्राएं

### पुलिस ने पढ़ाया कानून का पाठ, कानून के प्रति किया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

तिलहर, शाहजहांपुर के तिलहर कोतवाली में राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं को महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत कानूनी प्रक्रियाओं और पुलिस कार्यवाहियों के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल के अध्यापकों के साथ छात्राएं कोतवाली पहुंची, जहां उन्हें इंस्पेक्टर क्राइम देवेंद्र सिंह यादव ने मुकदमा दर्ज होने से लेकर उसकी संपूर्ण कार्यवाही के बारे में बताया।

इंस्पेक्टर क्राइम ने छात्राओं को यह भी बताया कि पुलिस विभाग में भर्ती होकर नागरिकों की सेवा की जा सकती है। उन्होंने वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती बन चुके साइबर क्राइम पर भी बात की और इसे रोकने के लिए जागरूकता की अहमियत को समझाया। महिला उपनिरीक्षक नेहा सैनी ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में 1090, 181, 1076, 112, 1098, 102 और 108 जैसे हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं।

## दबंगों ने दो महिलाओं पर धारदार हथियार से किया हमला

### दरवाजा तोड़ रहे दबंगों का किया था विरोध, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, पुरानी रंजिश के चलते दबंगो ने परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दो महिलएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। गंभीर हालत में महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि दबंग पीड़ित के मकान का दरवाजा तोड़ने लगे। महिला ने मकान के बाहर आकर विरोध किया तो उसके उपर हमला कर दिया। थाना खुटार क्षेत्र की घटना है। थाना खुटार क्षेत्र के कुंईयां गांव की रहने वाली लज्जावति परिवार के साथ रहती हैं। उनके मकान के पास रहने वाले आकाश और विकास से पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि 27 दिसंबर की रात दबंग कुल्हाड़ी और बांके से मकान का दरवाजा तोड़ने लगे। तेज आवाज आने पर पीड़िता की बहू खुशबू ने मकान के बाहर आकर दरवाजा तोड़ने का विरोध किया तो आरोपी उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। उनके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। चीखपुकार सुनकर पीड़िता ने उसको बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके उपर भी हमला कर दिया। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दबंगों ने इतनी देर में दरवाजा भी तोड़ दिया। आरोप है कि दबंग घटना को अंजाम देकर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि इससे पहले भी आरोपी कई बार बेवजह विवाद कर चुके है। परिवार आरोपियों से काफी परेशान हो चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। विवेचना की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# भारत में आर्थिक सुधारों के नायक मनमोहन सिंह

भारत के पहले अर्थशास्त्री से प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले डा. मनमोहन सिंह एक अच्छे अध्यापक, एक अच्छे सलाहकार, एक अच्छे गवर्नर, एक अच्छे वित्त मंत्री, एक अच्छे प्रधानमंत्री के साथ-साथ एक विजनरी व दृढ़ राजनेता, प्रशासक और सौम्य व्यक्तित्व के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अगर आजाद भारत के नव निर्माण की नींव रखी तो डा. मनमोहन सिंह ने विकसित भारत यात्रा की बुनियाद रखी। देश में आर्थिक सुधारों के जनक डा. मनमोहन सिंह का जाना भारत के लिए राष्ट्रीय क्षति है। पूर्व प्रधानमंत्री डा. सिंह को भारत को लाइसेंस राज से मुक्त कराने वाले और देश को उस स्थिति से उबारने वाले उद्धारक के रूप में याद किया जाएगा जब इसका स्वर्ण भंडार भी गिरवी रख दिया गया था। एक भविष्यदृष्टा राजनेता के तौर पर पहचान बनाने वाले डा. सिंह विकास के पथ पर अग्रसर भारत के शिल्पकार थे। कांग्रेस नेता के रूप में उन्होंने 2004-2014 तक 10 वर्षों के लिए देश का नेतृत्व किया और उससे पहले वित्त मंत्री के रूप में देश के आर्थिक ढांचे को तैयार करने में मदद की। वह वैश्विक स्तर पर वित्तीय और आर्थिक क्षेत्र की एक मशहूर शख्सियत थे। भारत में आर्थिक उदारीकरण के नायक डा. मनमोहन के कार्यकाल में ही सूचना का अधिकार (आरटीआई), शिक्षा का अधिकार (आरटीई), मनरेगा, 2008 की आर्थिक मंदी से भारत को बचाना, 3.69 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों के करीब 72 हजार करोड़ रुपये के कर्ज़ की माफ़ी, वर्ष 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत भोजन का अधिकार, जिसमें 81.35 करोड़ लोग कवर हैं जैसे युग परिवर्तनकारी फैसले हुए। 2008 में भारत और अमेरिका के बीच परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत भारत को अपनी ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने के लिए परमाणु तकनीक और ईंधन मिलने का रास्ता खुल गया। परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) ने भारत को एक विशेष छूट दी। इस छूट की मदद से भारत ने फ्रांस, रूस, कनाडा, जापान और कोरिया समेत दर्जनभर से ज्यादा देशों के साथ शांतिपूर्ण उपयोग के लिए परमाणु समझौतों पर हस्ताक्षर किए। डील का ही असर है कि वर्ष 2022 में 22 परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की मदद से देश की स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 6 हजार 780 मेगावॉट तक पहुंच गई थी। मनरेगा को मजबूती देकर सरकार फ्रीबिज (रेवड़ी कल्चर) को खत्म कर सकती है, खाद्य सुरक्षा के तहत मुफ्त अनाज योजना को भी मनरेगा से जोड़ा जा सकता है। मौजूदा भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्किटेक्ट मनमोहन सिंह ने अभावों के बीच अपने जीवन की शुरुआत की थी, पर कठिन परिश्रम के दम पर प्रधानमंत्री तक का सफर तय किया। वे एक अनिच्छुक राजनेता थे, जिन्हें मुख्यधारा की उबड़-खाबड़ राजनीति रास नहीं आती थी। सोनिया गांधी ने अपनी पार्टी के अनुरोध के बावजूद देश में विदेशी मूल के मुद्दे पर हो रहे विरोध के चलते प्रधानमंत्री पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया था और जब उन्होंने इस शीर्ष पद के लिए मनमोहन सिंह को चुना तो हर किसी को बहुत हैरानी हुई थी। राजनेता के रूप में डा. सिंह का संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के सहयोगियों के साथ भी संतुलित दृष्टिकोण रहा। कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के कई मंत्रियों पर करप्शन के आरोप लगे, पर डा. मनमोहन सिंह हमेशा बेदाग रहे। विकास को हरित लक्ष्य से जोड़ने वाले डा. सिंह ने आरोपों के बावजूद सदैव अपनी और अपने पद की गरिमा बनाए रखी। दिवंगत डा. सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि।

# काजल की कोठरी में बेदाग रहे मनमोहन



व्यक्तित्व

राज कुमार सिंह

> मनमोहन की मंशा पर संदेह और सवाल कभी उनके राजनीतिक विरोधियों ने भी नहीं उठाया। भारत सरीखे राजनीति-संवेदनशील देश में एक अर्थशास्त्री का वित्त मंत्री बनना एक आश्चर्यजनक घटना थी। तब देश की अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही थी और सोना तक गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन कोई विश्वासपूर्वक नहीं कह सकता कि राजीव गांधी की हत्या के चलते प्रधानमंत्री बने पीवी नरसिम्हा राव ने वित्त मंत्री के लिए मनमोहन सिंह को ही क्यों चुना? कारण से इतर परिणाम को देखें तो इसमें दो राय नहीं कि मनमोहन भारत की अर्थव्यवस्था को संकट से निकाल कर ऐसी दिशा देने में सफल रहे, जो वैश्विक मंदी के झटके झेलने में भी कामयाब रही।

कभी गांव में मिट्टी के दीपक की रोशनी में पढ़ने वाले मनमोहन सिंह का देश का दीपक बनने तक का सफर इतना प्रेरक रहा कि आप उनके व्यक्तित्व के किसी भी पहलू से प्रेरणा ले सकते हैं। बेशक ऐसे गुदड़ी के लाल भारत में और भी हुए हैं, लेकिन मनमोहन सिंह ने अपने 92 साल के जीवन में इतनी भूमिकाएं सफलतापूर्वक निभायीं कि तय कर पाना मुश्किल हो जाता है कि उन्हें किस रूप में याद रखा जाये। पंजाब के गाह गांव में मिट्टी के दीये की रोशनी में शिक्षा के प्रति अपनी लगन से कैंब्रिज और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी तक पहुंचे छात्र के रूप में या पंजाब विश्वविद्यालय और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स के प्राध्यापक के रूप में; भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में सलाहकार के रूप में या भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में; देश के वित्त मंत्री के रूप में या फिर देश के अराजनीतिक प्रधानमंत्री के रूप में।

लोकतंत्र में असहमति की गुंजाइश तो रहनी ही चाहिए, पर मनमोहन की मंशा पर संदेह और सवाल कभी उनके राजनीतिक विरोधियों ने भी नहीं उठाया। भारत सरीखे राजनीति-संवेदनशील देश में एक अर्थशास्त्री का वित्त मंत्री बनना एक आश्चर्यजनक घटना थी। तब देश की अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही थी और सोना तक गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन कोई विश्वासपूर्वक नहीं कह सकता कि राजीव गांधी की हत्या के चलते प्रधानमंत्री बने पीवी नरसिम्हा राव ने वित्त मंत्री के लिए मनमोहन सिंह को ही क्यों चुना? कारण से इतर परिणाम को देखें तो इसमें दो राय नहीं कि मनमोहन भारत की अर्थव्यवस्था को संकट से निकाल कर ऐसी दिशा देने में सफल रहे, जो वैश्विक मंदी के झटके झेलने में भी कामयाब रही।

बेशक आर्थिक उदारीकरण के फैसलों पर तब सवाल भी उठे थे। आज भी उसके परिणाम पूरी तरह निरापद नहीं माने जा सकते, लेकिन संकट के दोराहे या चौराहे पर आपको अपनी समझ से एक दिशा चुननी पड़ती है, जिसके सही या गलत होने का फैसला आने वाला समय ही कर सकता है। क्या भारत की अर्थव्यवस्था, खासकर घरेलू उद्योग-बाजार आर्थिक उदारीकरण और वैश्वीकरण के लिए पूरी तरह तैयार थे? यह सवाल तब भी पूछा गया था, जिसका संतोषजनक जवाब अभी तक नहीं मिल पाया। फिर भी आर्थिक उदारीकरण के बाद देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार बताती है कि उस समय वही सही विकल्प था। हां, देश की समृद्धि के साथ ही बढ़ती आर्थिक विषमता यह भी संकेत दे रही है कि उदारीकरण का स्वरूप और दिशा, भारत की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप संशोधित हो सकती थी। अभी भी हो सकती है, ताकि उदारीकरण और संपन्नता का लाभ देश की पूरी आबादी तक पहुंचे। जाहिर है, वित्त मंत्री बनने से भी ज्यादा चौंकाने वाला था मनमोहन सिंह का प्रधानमंत्री बनना। अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे विराट जननेता की अगुवाई वाली राजग सरकार को अपदस्थ कर मतदाताओं ने 2004 में सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस और उसकी अगुवाई वाले संप्रग के पक्ष में जनादेश दिया। सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर 1999 में ही शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर कांग्रेस तोड़ कर अलग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बना चुके



थे। ऐसे में जब 2004 का जनादेश आया तो सोनिया गांधी के विदेशी मूल का मुद्दा फिर राजनीतिक गलियारों और मीडिया में सतह पर आ गया। वास्तविक कारण तो सोनिया गांधी बेहतर जानती होंगी, लेकिन उन्होंने खुद प्रधानमंत्री बनने के बजाय मनमोहन सिंह की ताजपोशी कर देश ही नहीं, दुनिया को भी चौंका दिया। मनमोहन सिंह दो कार्यकाल पूरा करने वाले, जवाहर लाल नेहरू के बाद देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री के रूप में उनके दो कार्यकाल कैसे रहे, इसका आकलन न तो आसान है, और न ही निर्विवाद।

उन्होंने खुद भी कहा था कि शायद इतिहास उनका आकलन ज्यादा उदारता से करेगा, बजाय समकालीन मीडिया और विपक्ष के, खासकर संसद के अंदर रवैये के मद्देनजर। दरअसल मनमोहन सिंह एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे थे, जो उनकी अराजनीतिक पृष्ठभूमि के मद्देनजर बेहद जटिल काम था। उनके मंत्रिमंडल में कई सदस्य ऐसे थे, जो नेहरू-गांधी परिवार के विश्वस्त माने जाते थे। जाहिर है, मंत्रिमंडल के सदस्यों का चयन और विभागों का बंटबारा भी दस जनपथ से ही हुआ था। मनमोहन सिंह बस उसके मुखिया भर थे। फिर सोनिया गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के रूप में एक व्यवस्थागत ढांचा ही बना दिया गया, उन्हें सलाह देने के लिए। थोड़ा असहज लग सकता है, पर सच यही है कि मनमोहन सिंह भारत के 14वें प्रधानमंत्री तो रहे, पर सत्ता के सूत्र पूरी तरह उनके नियंत्रण में नहीं थे। बाद में उन्हीं के मीडिया सलाहकार संजय बारू की द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर शीर्षक से एक संस्मरणात्मक पुस्तक आयी, और एक फिल्म भी बनी, जिसमें अनुपम खेर ने मनमोहन की भूमिका निभायी। थोड़ा और स्पष्ट करना हो तो राजनीतिक प्रबंधन और प्रभाव वाले निर्णय दस जनपथ से होते थे, पर जिम्मेदारी और जवाबदेही मनमोहन की। इसके बावजूद मनमोहन सिंह प्रधानमंत्रित्वकाल से देश की दशा और दिशा पर अपने निशान छोड़ने में सफल रहे।

अपनी मौन और विनम्र छवि के बावजूद मनमोहन ने कुछ मौकों पर ठोस स्टैंड लिया और अपने इरादों को अंजाम तक पहुंचाया। 2004 में पहली बार बनी संप्रग सरकार वाम मोर्चा के बाहरी समर्थन पर भी टिकी थी। परमाणु मुद्दे पर भारत के प्रति कुछ बड़े देशों का सौतेला व्यवहार समाप्त करने के लिए 2008 में जब अमेरिका से परमाणु संधि की बात आयी तो मनमोहन सरकार को भी दांव पर लगाने की सीमा तक चले गये। वाम मोर्चा ने समर्थन वापस ले लिया, पर सपा-बसपा के समर्थन से उसकी भरपाई कर ली गयी। उनके ऐसे दूरदर्शी निर्णय देश की विदेश नीति को भी सही दिशा देने वाले साबित हुए। मनमोहन सिंह की मंशा और व्यक्तिगत ईमानदारी पर संदेह और सवाल कभी नहीं उठा, लेकिन उनकी सरकार को भ्रष्ट सरकार बताया गया, क्योंकि उसी दौरान राष्ट्रमंडल खेलों से लेकर टूजी स्पेक्ट्रम और कोयला आवंटन तक कई घोटाले उजागर हुए।

जन लोकपाल के मुद्दे पर अन्ना हजारे का चर्चित आंदोलन भी हुआ, जिससे बने जनमत में 2014 में संप्रग सरकार सत्ता से बेदखल हो गयी और अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी बनाकर अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत कर ली। आप कह सकते हैं कि काजल की कोठरी में भी मनमोहन सिंह बेदाग ही रहे, पर मतदाताओं का विश्वास जीत कर कभी लोकसभा नहीं पहुंच पाये। वह बिना कोई चुनाव लड़े देश के शीर्ष पदों पर पहुंचे। डॉ. मनमोहन सिंह रिकॉर्ड 33 वर्ष तक राज्यसभा में सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाते रहे। वर्ष-1991 में वह पहली बार राज्यसभा पहुंचे। उसके बाद 1995, 2001, 2007 और 2013 में फिर से राज्यसभा के लिए चुने गए। सन् 1998 से लेकर 2004 के बीच वह राज्यसभा में नेता विपक्ष भी रहे।

श्रद्धांजलि

डॉ. रमेश ठाकुर



# आर्थिक जगत के विलक्षण वास्तुकार थे डॉक्टर साहब

बानवे वर्ष में डॉ. मनमोहन सिंह ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका संपूर्ण मौन व्यक्तित्व ऐसा रहा जिससे देश भी कई मर्तबा अधीर होकर उठ खड़ा हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को न सिर्फ भारत ने, बल्कि विश्व बिरादरी ने अपना सगा अर्थ-व्यवस्था का विलक्षण कोहिनूर समान वास्तुकार खो दिया। पूरे संसार की आंखें उनके निधन से नम हैं। दो दफा प्रधानमंत्री के रूप में डॉक्टर साहब ने 5 ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिन्हें मौजूदा क्या, आने वाली पीढ़ियां भी स्मरण करती रहेंगी। 2005 में 'सूचना का अधिकार' और 'मनरेगा कानून' को लागू करना। फिर 2009 में 'शिक्षा का अधिकार कानून'। वहीं, 2013 में दो बड़े फैसले 'राष्ट्रीय खाद सुरक्षा कानून' और 'भूमि अधिग्रहण कानून' पर अंतिम निर्णय लेने को भारतवासी सदैव याद करेंगे। डॉ. सिंह को अर्थव्यवस्था का सूत्रधार कहा गया। आर्थिक उदारीकरण और आर्थिक सर्वेक्षणों में सुधार के लिए उनकी एकाग्रता के सभी काबिल रहे। यूपीए सरकार के दूसरे टर्म में जब प्रधानमंत्री बनाने की बात हुई, तो प्रणब मुखर्जी का नाम सबसे तेज दौड़ा। पर, प्रणब मुखर्जी ने खुद आगे बढ़कर सोनिया गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से गुहार लगाई कि देश की अर्थव्यवस्था जिस लिहाज से आगे बढ़ रही है, उसे डॉ. मनमोहन सिंह से बेहतर दूसरा कोई गति नहीं दे सकता। इसलिए वो गति निरंतर रहे, दोबारा से डॉक्टर साहब को ही कमान सौंपी जाए। उनके कहने के बाद ही यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने दोबारा डॉ. सिंह के नाम पर मुहर लगवाई। 1991 में वित्तमंत्री रहते उन्होंने जब देश की गड़बड़ अर्थव्यवस्था को संभाला था, तब स्वंय अटल बिहारी वाजपेयी ने उनकी तारीफ की थी। अपने वित्तमंत्री कार्यकाल के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने भी डॉ. सिंह के फैसलों को सराहा था। दरअसल वो ऐसा दौर था जब दशकों से बंद पड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था के दरवाजों को खोलने की शुरुआत मनमोहन सिंह द्वारा की गई थी। वित्तमंत्री रहते लाइसेंस राज को खत्म करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। उन्होंने सबसे पहले विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने का काम किया और भारत के भीतर विदेशी कारोबार को अपने अर्थ स्टाइल से आकर्षित करवाया। तभी से भारत में बाहरी कंपनियों के आगमन की शुरुआत हुई। ये काम उन्होंने बिना ढोल बजाए किया। न प्रचार किया और शोर-शराबा। जबकि, उनके चुप रहने और शांत भाव की 'मौनता' पर विभिन्न सियासी दलों ने हमेशा असहनीय और अखरने वाली तल्ख टिप्पणियां की। पर, उन्होंने कभी किसी को पलट कर कोई कड़वा जवाब नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत रिश्तों के मापदंडों को सियासत से सदैव उपर रखा। हालांकि, बीते एकाध दशक से उन पर ज्यादा ही कटाक्ष होने लगे, तो उनके भीतर का शांत शायर जाग उठा। तब, उन्होंने अपने सियासी विरोधियों को अपने दो शेर के जरिए जवाब दिया। उन शेर को लोग आज उनके न रहने पर खूब गुनगुना और याद कर रहे हैं। उनका पहला शेर था 'माना तेरे दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक देख, मेरा इंतज़ार देख'। और दूसरा शेर 'हजारों जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी, न जाने कितने सवालों की आबरू रखी', था। ये दोनों शेर हमेशा चर्चाओं में रहे। गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था के अलावा डॉक्टर मनमोहन सिंह को उच्च शिक्षा में अमूलचूक परिवर्तन और बड़ा सुधारक भी माना गया। एक मर्तबा खुद उन्होंने स्वीकारा था कि विश्व के उच्च शिक्षा संस्थान में पढ़ने के बाद ही उन्होंने देश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को संभालने का अवसर मिला। इसलिए वह उच्च शिक्षा के सदैव पक्षधर रहे। प्रत्येक निर्णयों में उनका धैर्य, संयम और उदारता देखने लायक होती थी। प्रेशर में आकर या जल्दबाजी में उन्होंने कभी कोई निर्णय नहीं लिया। 2005 में मनरेगा का जब फाइनल ड्राफ्ट तैयार होकर उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया, तो उसमें उन्होंने बदलाव करने को कहा, जिसको लेकर उन्होंने सोनिया गांधी की नाराजगी भी सही। लेकिन बाद में हुआ वही जो मनमोहन सिंह ने चाहा। मनमोहन सिंह सरकार में अरुणा राय उनकी सलाहकार थी,

## मस्तिष्क को जैसा चिंतन देंगे वैसा ही वह सोचेगा



श्रीराम शर्मा

दर्शन

क्या आप अत्यधिक चिंतनशील प्रकृति के हैं? सारे दिन अपनी बाबत कुछ न कुछ गंभीरता से सोचा ही करते हैं? आप अपने मस्तिष्क को सारे दिन विशेषतः रात में किसी भी चिंतन की क्रिया में डाल देते हैं। जैसे गाड़ी का पहिया किसी लीक में पड़ कर आगे निरंतर उसी दिशा में बढ़ता रहता है, उसी प्रकार मस्तिष्क को चिंतन की किसी भी समस्या में उसको लगा देने से वह उसी में फंसा रहता है। वह खुद रुकता नहीं, बल्कि चिंतन के प्रवाह में आगे बढ़ता रहता है। मस्तिष्क तो चिंतन का एक यंत्र है। उसका कार्य चिंतन करना ही है। यदि आप उसे कोई अच्छी या बुरी समस्या दिए रहेंगे, तो निश्चय जानिए वह उसी समस्या के उखाड़-पछाड़ में संलग्न रहेगा। वह विश्राम की परवाह न कर बौद्धिक चिंतन ही किए जाएगा। आधुनिक मनोविज्ञान वेत्ताओं की नई खोज यह है कि अधिक बौद्धिक चिंतन मनुष्य के शरीर के लिए हानिकारक है। जो जितना अधिक मानसिक चिंतन करता है, उसका शरीर उतना ही क्षीण होता जाता है। भूख नष्ट हो जाती है। भोजन में कोई भी रुचि नहीं रह जाती। रक्तचाप, व्रण, हृदय रोग, सिर दर्द आदि उभर उठते हैं। चिंतनशील व्यक्ति प्रायः भयभीत से, शंकालु से और भविष्य के लिए चिंतित रहते हैं। गुप्त मन में बैठा हुआ उनका भय ही उन्हें खाया करता है। आप बौद्धिक चिंतन या मानसिक श्रम करने वालों के स्वास्थ्य को देखिए। वे पहले दुबले रहते हैं तो भी शरीर पर मांस नहीं बढ़ता। उनकी हडिय़ां ही हड्डियां चमका करती हैं।

## विनम्रता, प्रेम और मधुर भाषा ही आध्यात्मिकता की पाठशाला




बाबा हरदेव

प्रेरणा

भक्तिपूर्ण विचार ही सत्संग में रख सकते हैं। विनम्र भाव, प्रेम भाव व मधुर भाषा का प्रयोग करें। यह आध्यात्मिकता की पाठशाला है। महिलाओं के साथ यदि छोटे बच्चे हों तो संगत में पीछे ही बैठें ताकि किसी को असुविधा न हो। सत्संग में आपस में बात न करें। अगर जरूरी हो तो संगत से बाहर जाकर बात करें। सत्संग में आकर आनंद लें, ये आपका अधिकार है। एक आदमी ने पांच लोगों से कहा आप सोचकर बताएं कि अगर डाक्टर ये बता दे कि आपकी मौत तीन महीने बाद हो जाएगी, तो आप उन तीन महीनों में क्या करोगे? सभी ने अपनी राय व्यक्त की मगर एक आदमी बोला तो मैं तीन महीने में अपने मालिक प्रभु के दर्शन करूंगा। बेहद प्रेम करूंगा, हृदय से भक्ति करूंगा, संतों की बहुत सेवा करूंगा और तीन महीने तक सत्संग करूंगा। तू ही निरंकार, मैं तेरी शरण हां, मैंनू बख्श लो का सुमिरन तो हृदय से इतना करूंगा कि जब तक मेरे प्राण न निकल जाएं, तब तक अपने मालिक प्रभु के चरणों में जुड़ा रहे। संगत मां से प्रार्थना करूंगा कि हे संगत मां, तेरा साथ आखिरी सांस तक बना रहे। आप साध संगत हैं, आपका कहना तो सद्गुरु भी नहीं टालते हैं। मैं यही मांगता हूं कि जब-जब दुनिया में आऊं, तब-तब तेरी संगत मुझे मिलती रहे। यही वरदान चाहता हूं। सत्संग से आनंद मिलता है, प्रभु का प्यार मिलता है। प्रेमा भक्ति मिलती है। हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहि सुनि बहु विधि संता। परमात्मा की कथा सरोवर है। इसकी महिमा अपरंपार है। परमात्मा की चर्चा करने से शांति व ठंडक मिलती है।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### कार्यस्थल पर लैंगिक असमानता की चुनौती

भारतीय समाज में कार्यरत महिलाएं आज एक अभूतपूर्व संघर्ष का सामना कर रही हैं। एक ऐसी व्यवस्था में जहां पारंपरिक और आधुनिक मूल्य लगातार टकरा रहे हैं, इन महिलाओं को पेशेवर सफलता और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच एक असंभव संतुलन बनाने की चुनौती दी जा रही है। आज के आधुनिक समाज में, कार्यरत महिलाएं देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हालांकि, उनके सामने कई स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां हैं जो उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक कल्याण को प्रभावित करती हैं। कार्यस्थल और घरेलू जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखना महिलाओं के लिए एक बड़ी मानसिक चुनौती है। -सुनिधि मिश्रा, कोरबा

## ट्रेंड

### पुष्पांजलि अर्पित



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी को पुष्पांजलि अर्पित की। एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह जी को वित्त और सार्वजनिक नीति के उनके विशाल ज्ञान के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### अपूरणीय क्षति



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी विद्वता और सादगी के गुणों को शब्दों में पिरोना असंभव है। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम नई दिल्ली

### बच्चे रामायण-गीता पढ़ें



अपने बच्चों को रामायण-गीता-महाभारत अवश्य पढ़ाइए। योगेश्वर कृष्ण देवत्व की सर्वाधिक सुलभ व सरस अवधारणा के अद्वितीय प्रतीक हैं। उन्हें दो युगों में हमारी दो अलग-अलग माताओं ने प्रेम किया और दोनों केवल उस प्रेम की आभा से अनंत काल के लिए अमर भी हो गयीं।

-कुमार विश्वास, कवि

### क्रोध सबसे बुरी भावना



क्रोध आपके द्वारा महसूस की जाने वाली सबसे बुरी भावना है। आपको पता नहीं है कि यह वास्तव में कहां से आता है, और यह खुद को अप्रत्याशित तरीकों से व्यक्त करेगा। एक बूमरैंग की तरह यह आपकी ओर ही पलट जाता है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### यूक्रेन की तरह मोलदोवा पर हमले की योजना बना रहा रूस

रूस और यूक्रेन के बीच जंग को अब तीन साल होने वाले हैं। कई पश्चिमी देशों का अंदाजा है कि इस युद्ध के इतना लंबा खिंचने की वजह रूस की कमजोर पड़ती ताकत है। हालांकि, मैदान पर रूस ने इन कयासों को किनारे लगाते हुए यूक्रेन पर ड्रोन्स, बैलिस्टिक मिसाइल से लेकर क्रूज मिसाइलों तक से हमला बोला है और उसके बड़े क्षेत्र पर कब्जा करने में सफलता हासिल की है। इस बीच अब रूस की तरफ से पश्चिम में एक और देश के खिलाफ मोर्चा खोले जाने का खतरा उभर रहा है। यह है एक छोटा देश मालदोवा, जिस पर रूस ने सैन्य अभियान की साजिश रचने के आरोप लगाए हैं और धमकियां दी हैं।



## ऑफ बीट

### धार्मिक-आध्यात्मिक जागरण का महापर्व कुंभ मेला

महाकुंभ का यह मेला हर 12 वर्ष में ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार चार पवित्र स्थलों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में से किसी एक स्थान पर आयोजित होता है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान अमृत की बूंदें इन चार स्थानों पर गिरी थीं, जिससे इन स्थलों की पवित्रता बढ़ गई। 2025 में यह महाकुंभ मेला प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जा रहा है। महाकुंभ विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-आध्यात्मिक समागम के रूप में सुप्रतिष्ठित है। कुंभ मेला सनातन भारतीय आस्था, संस्कृति और परंपराओं का अद्भुत संगम है।



## संक्षेप

### बीट हाउस का डीएम-एसपी ने किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, थाना देहात क्षेत्र के बम्बूगढ़ चौराहे पर नवनिर्मित 'बीट हाउस' का आज भव्य उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर दोनों अधिकारियों ने 'बीट हाउस' को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। अमरोहा पुलिस ने कम्युनिटी पुलिसिंग को नई दिशा देने के लिए 'बीट हाउस' प्रोजेक्ट शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के नेतृत्व में इस पहल का उद्देश्य बीट प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाना है। इसके तहत सभी थाना क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर 'बीट हाउस' बनाए जा रहे हैं। 'बीट हाउस' में सीसीटीवी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिससे क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर नजर रखी जा सकेगी। हर 'बीट हाउस' पर संबंधित पुलिसकर्मी का फोन नंबर अंकित होगा, ताकि किसी भी समस्या के लिए स्थानीय लोग सीधे संपर्क कर सकें। बीट पुलिसकर्मी समय-समय पर स्थानीय निवासियों के साथ 'बीट हाउस' में बैठक करेंगे। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा होगी और समाधान के लिए उच्चाधिकारियों को जानकारी दी जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर प्रभावी रोकथाम, बेहतर कानून व्यवस्था और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बनाए रखना है। बीट हाउस' सिर्फ एक भवन नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच सामंजस्य स्थापित करने का जरिया है। इसका लक्ष्य हर गांव और मोहल्ले को विवाद मुक्त बनाना, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करना और लोगों को यह भरोसा दिलाना है कि उनकी सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है।

### अमरोहा में विवाहिता ने डीजल छिड़ककर लगाई आग

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा में तीन दिन पूर्व डीजल छिड़ककर खुद को आग लगाने वाली विवाहिता ने दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। विवाहिता 95 फीसदी जल चुकी थी। गजरौला से उसे गंभीर हालत में रेफर किया गया था। विवाहिता की मौत के बाद पुलिस ने विवाहिता के पिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर, ननद सहित सात लोगों के खिलाफ आग लगाने व उत्पीड़न करने के आरोप मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक गजरौला नगर के मोहल्ला नाईपुरा निवासी अमन व उसकी पत्नी सोना में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिस पर बीते बुधवार को सोना ने सुबह के वक्त 7 बजे अपने ऊपर डीजल छिड़ककर आग लगा ली थी। उसकी चीख सुनकर आसपास के पड़ोसी मौके पर पहुंचे और कपड़े आदि की मदद से उसके शरीर पर लगी आग बुझाई थी। साथ ही तत्काल ही सोना को शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। यहां से उसे दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल रेफर किया गया था।

# एसएसबी 59वीं वाहिनी ने जिले के विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों के साथ किया समन्वय बैठक

## जिले के आला पुलिस अधिकारी एसएसबी एवं गुप्तचर विभाग के अधिकारी हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर



रूपईडीहा, बहराइच। सशस्त्र सीमा बल की 59वी वाहिनी ने नानपारा के अगइया स्थित अपने मुख्यालय पर भारत नेपाल सीमा पर हो रही विभिन्न गतिविधियों को देखते हुए जनपद बहराइच के विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित किया।वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने बताया कि मेरी अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक बहराइच एवं अन्य सहायक एजेंसीयों के साथ एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान तमाम बिन्दुओं पर चर्चा की गयी जिसमें अंतराष्ट्रीय सीमा सुरक्षा संबंधित विषय, कार्यक्षेत्र में संरक्षित वन इलाकों में प्रचालन गतिविधियों पर, सभी सुरक्षा एजेंसीयों के मध्य सयुंक्त रूप से कार्यक्षेत्र की सुरक्षा एवं निगरानी पर, सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने संबधित, अंतराष्ट्रीय सीमा एवं वन क्षेत्र में पुलिस चोकियों की स्थापना सम्बंधित, आगामी महाकुम्भ के मद्देनजर सुरक्षा/आसूचना संबंधी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा किया गया। आगे भी इस तरह की बैठक करने पर बात हुई। इस बैठक में शास्त्र सीमा बल 59वी वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला, द्वितीय कमान अधिकारी 59वीं वाहिनी शक्ति सिंह ठाकुर, कार्यवाहक कमांडेंट द्वितीय कमान अधिकारी 42वीं वाहिनी राज रंजन, उप कमांडेंट 42वीं वाहिनी दिलीप कुमार, उप कमांडें 59वीं वाहिनी हिमांशु दुबे,उप कमांडेंट 59वीं वाहिनी अच्छर सिंह, इसी तरह सहायक एजेंसीयों से आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला बहराइच राम नयन सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच अजित प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी, नानपारा प्रद्युमन सिंह, थाना प्रभारी रूपईडीहा दद्दन सिंह, थाना प्रभारी नानपारा प्रदीप कुमार सिंह, ए सी आई डी आई. बी रूपईडीहा देवांशित खरे, फील्ड ऑफिसर स्पेशल ब्यूरो रूपईडीहा शिवम शुक्ला, निरीक्षक एल आई यू बहराइच राहुल, उप निरीक्षक एल आई यू बहराइच राम प्रसाद यादव, प्रभारी ए टी एस शाखा रूपईडीहा रंजीत कुमार आदि बैठक में शामिल रहे।

# रूपईडीहा सीमा पर डेढ़ करोड़ की नेपाली चरस बरामद

## 5 किलो 978 ग्राम नेपाली चरस, एक मोटरसाइकिल व एक मोबाइल के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच।भारत नेपाल सीमा पर इलाहाबाद में चल रहे महाकुंभ स्नान के मद्देनजर स्थानीय सुरक्षा एजेंसियां बहुत ही सतर्क है और बारीकी से सीमा पर नजर बनाए हुए है। नवागंतुक पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण में भारत नेपाल सीमा पर सतर्कता से गश्त व चेकिंग हेतु क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह व प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा दद्दन सिंह के नेतृत्व में पुलिस व उप कमांडेंट प्रचलन दिलीप कुमार एस एस बी 42वी वाहिनी नानपारा के नेतृत्व में टीम के साथ मिलकर संयुक्त रुप से सीमा सुरक्षा के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा पर वस्तु व वाहन की सघन चेकिंग की जा रही थी।तभी मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नेपाल की तरफ से पल्सर मोटरसाइकिल से नशीला पदार्थ लेकर कस्बा रूपईडीहा की तरफ आने वाला है । जिस पर क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह द्वारा प्राप्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुये मय हमराह प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा दद्दन सिंह व उपनिरीक्षक विजय कुमार व हेड कान्सटेबल अभिषेकधर द्विवेदी थाना रूपईडीहा व एस0एस0बी0 टीम व मुखबिर के साथ सीमान्त इण्टर कॉलेज जमुनहा के करीब पहुंचे, मुखबिर के इशारे पर सम्भावित व्यक्ति को चिन्हित कर घेरघार कर पकड़ लिया गया। जिसने अपना नाम ज्ञान मान हरिजन पुत्र राम बहोरी हरिजन निवासी जानकी ग्राम पालिका वार्ड नं0 पांच बेलभार जिला बांके राष्ट्र नेपाल बताया। क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह व उच्चाधिकारी एस0एस0बी0 के निर्देश पर तलाशी ली गयी तो एक अदद मोबाइल फोन व बोरी में 12 पैकेट जो प्लास्टिक की पन्नी से लिपटे हुये थे को बरामद किया गया।बरामद वस्तु की जांच करने पर उसकी चरस होने की पुष्टि हुई। बरामद चरस को तौलने पर उसका कुल वजन 5 किलो 978 ग्राम होना पाया गया। पकड़े गए चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में डेढ़ करोड़ रुपए आंकी गई है।पकड़ी गयी चरस व मोटरसाइकिल UP 40 AN 6592 के कागजात मांगने पर कासिर रहा अतः नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुये पकड़े गये व्यक्ति ज्ञान मान हरिजन उपरोक्त को एनडीपीएस एक्ट का दण्डनीय अपराध होने का बोध कराते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

# सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर अभियान में प्रदेश में अव्वल रहा जनपद

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2024 तक जनपद में जनपद में मनाये गये सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर अभियान में जिलाधिकारी मोनिका रानी के नेतृत्व में लोक शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील मुख्यालय/विकास खण्ड स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन कर भारत सरकार की केन्द्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) एवं स्टेट पोर्टल (आईजीआरएस) अन्तर्गत 66283 शिकायतों का निस्तारण कर ग्रिवेन्स कटेगरी तथा ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी अन्तर्गत 305499 आवेदन का निस्तारण कर दोनों कैटेगरी में जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए डीएम ने मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि यदि कैटेगरीवार प्रथम 05 जनपदों की बात की जाय तो ग्रिवेन्स कटेगरी में मेरठ, सिद्धार्थनगर, इटावा व फतेहपुर ने क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी कैटेगरी में सिद्धार्थनगर, बरेली, मेरठ व सीतापुर ने क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया है।



# जिले के किसानों की बढ़ेगी आय, बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि खरीदेगी हल्दी

## डीएम व डीडी ने जिले के तीन एफपीओ का कराया एमओयू

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जिले के किसानों के सर्वांगीण विकास के लिये जिलाधिकारी मोनिका रानी निरन्तर प्रयास कर रही है। डीएम के प्रयासों से जिले में 86 कृषक उत्पादक संगठन गठित कराये गये हैं साथ ही प्रत्येक माह एफपीओं की बैठक करके उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों में और सुधार लाने तथा जिले के किसानों की आय वृद्धि बढ़ाने के दृष्टिगत 28 दिसम्बर 2024 को बाबा रामदेव की पतंजलि कंपनी के साथ हरिद्वार में जनपद बहराइच के 03 एफपीओ प्रत्यूष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ग्राम गंगापुर मिहींपुरवा की निदेशक श्रीमती पुष्पा सिंह, वीरांगना लक्ष्मी बाई महिला किसान निमार्ता कंपनी लिमिटेड ग्राम जरही मिहींपुरवा की निदेशक श्रीमती मंजू देवी एवं सीएससी राज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ग्राम गंगापुर मिहींपुरवा के निदेशक अखिलेश कुमार सिंह के साथ हल्दी उत्पादन तथा विपणन का एमओयू किया गया। इस अवसर पर बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, डीएम मोनिका रानी, उप कृषि निदेशक टीपी. शाही, सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के निदेशक अखिलेश सिंह उपस्थित रहे।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि मिहींपुरवा जनपद बहराइच का क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु से समृद्ध है। जो कृषि के लिये एक आदर्श स्थान बनाता है। इस क्षेत्र में हल्दी, जिमीकन्द और हरी सब्जियों की खेती बहुतायत क्षेत्र में की जाती है। सब्जियों के उत्पादन एवं विपणन का कार्य क्षेत्रीय किसानों द्वारा किया जा रहा है, परन्तु इस क्षेत्र में हजारों किसान हल्दी की खेती कर रहे है परन्तु उन्हें उनका वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है। पंजाब हरियाणा आदि प्रदेशों के व्यापारी यहां के किसानों से सरते मूल्य पर हल्दी का कम कर रहे है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जनपद के किसानों की आय बढ़ाने के दृष्टिगत प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हे. के हिसाब से लगभग 2000 हे. क्षेत्रफल में 45-50 हजार टन हल्दी के विक्रय/विपणन बाबा रामदेव की कंपनी से कराया गया है जिसका लाभ जिले के किसानों को होगा। डीएम ने बताया कि हल्दी का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था की जा रही है। उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने बताया कि उपरोक्त गठित कराये गये एफपीओ में 1880 पुरुष किसान तथा 976 महिला किसानों द्वारा समूह में हल्दी उत्पादन से जुड़े हुए है। इसी प्रकार यहां की भूमि में 150 हे. में जिमीकन्द की योती की जा रही है जिसमें 30-35 टन प्रति हे. कुल 5250 टन जिमीकन्द का उत्पादन हो रहा है जिसकी स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में मांग अधिक है। इसी प्रकार लगभग 600 हे. से अधिक क्षेत्रफल में हरी सब्जियों की खेती हो रही है। इस एमओयू के माध्यम से जिले की हल्दी के विपणन का रास्ता खुल गया है। इससे जिले के और किसान जुड़कर अपनी आय वृद्धि कर सकेंगे।

हरिद्वार में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर समारोह के दौरान बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने डीएम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आकांक्षी जनपद बहराइच के एफपीओ से जुड़े किसानों को उनकी कम्पनी द्वारा आवश्यकतानुसार हरिद्वार अथवा जनपद बहराइच में प्रशिक्षण तथा उपयोग होने वाले कृषि यन्त्र भी उपलब्ध कराये जायेंगे। डीएम ने पतंजलि जैसी कम्पनी के साथ एमओयू होने पर बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण का आभार ज्ञापित किया।

# सुल्तानपुर में हजारों लोगों को मिले कंबल

## स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती पहुंचे, बोले– एकता के सूत्र में बंधकर रहें सनातनी

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, कोइरीपुर क्षेत्र के सलाहपुर गांव में केवलीदेवी देवीप्रसाद उपाध्याय फाउंडेशन के सौजन्य से समाजसेवी और व्यवसायी सुरेन्द्र उपाध्याय द्वारा मां केवलादेवी की तृतीय पुण्यतिथि पर विशाल निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, सुमेरु पीठ काशी के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सनातन धर्म के अनुयायियों को एकता के सूत्र में बंधे रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और सहयोग के ऐसे कार्य हमें मानवता की सेवा के प्रति प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल और महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कृपाशंकर सिंह ने आयोजक सुरेन्द्र उपाध्याय के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख अतिथियों, जिनमें पूर्व आईपीएस राम मोहन सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्यामराज सिंह, भाजपा नेता शिवाकांत मिश्र, सूर्यप्रकाश मिश्र और डॉ. शेषनारायण मिश्र शामिल थे, को आयोजक सुरेन्द्र उपाध्याय और वीरेंद्र उपाध्याय द्वारा स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल जरूरतमंदों को सर्दी से राहत प्रदान की, बल्कि समाज में सेवा और एकजुटता का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे

# भाजपा के रूपईडीहा मंडल अध्यक्ष बने महराज दीन वर्मा

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी रूपईडीहा इकाई के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष महराज दीन वर्मा को बनाए जाने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के द्वारा नियुक्ति किए मंडल अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाए भेंट की, साथ ही जिला व प्रदेश नेतृत्व को हृदय से आभार और धन्यवाद प्रकट किया।

निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि हम लोगों को आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है की नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष महराजदीन वर्मा के कुशल नेतृत्व में विधानसभा नानपारा के रूपईडीहा मंडल में भारतीय जनता पार्टी नए आयाम लिखेगी और उन्हें आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान नवनियुक्ति मंडल अध्यक्ष श्री वर्मा ने माँ चौरीकुटिया व बाबा परमहंस कुटी पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया तत्पश्चात शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वह भाजपा कार्यकताओं के साथ हर समय खड़े हैं तथा पार्टी हाईकमान ने जो भी जिम्मेदारी उनको सौंपी है, वे हर लिहाज से उस पर खरा उतरेंगे।निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा के कार्यों की सराहना की। नवनियुक्ति मंडल अध्यक्ष को बधाई देने वालों में प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा, सर्वेश मिश्रा, भीमसेन मिश्रा, अरुण सोनकर, नरेंद्र कुमार सिंह, शिवराज सिंह, प्रहलाद वर्मा, रोहित वर्मा, विनोद कुमार, ललित त्रिपाठी, राजकुमार वर्मा, संजय वर्मा, संतोष वर्मा, रोहित वर्मा, दिनेश यादव आदि शामिल रहे।

# एआरपी की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

## समाज का मार्गदर्शक होता है शिक्षक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन तथा शिक्षकों के शैक्षिक सपोर्ट हेतु जनपद के विभिन्न विकासखंडों में कार्यरत अकादमिक रिसोर्स पर्सन एआरपी, एसआरजी की मासिक समीक्षा बैठक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पयागपुर में आयोजित की गई।डायट प्राचार्य दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर से प्राप्त डाटा का विश्लेषण कर विद्यालयों की शैक्षिक प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन हेतु विद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियों के नियमित क्रियान्वयन हेतु प्रभावी रणनीतियों, नामांकित बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं ठहराव, शिक्षक संदर्शिकाओं के नियमित उपयोग, निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से बच्चों के नियमित आकलन, शिक्षण कार्य में प्रिंटरिच सामग्रियों के नियमित उपयोग, गणित, विज्ञान किट का प्रयोग तथा सुनियोजित प्रयास द्वारा विद्यालयों को निर्धारित समयावधि में निपुण बनाने के निर्देश दिए गए।अपने उद्बोधन में डायट प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है, वह न केवल बच्चों को बल्कि संपूर्ण समाज का मार्गदर्शन करता है, समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल पाठय पुस्तकों से बल्कि अपने आचरण से भी शिक्षा देता है। बैठक में विभिन्न विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी, डायट प्रवक्ता, एआरपी व एसआरजी मौजूद रहे।

# महाराजा बिजली पासी के नाम का बोर्ड लगाने पर विरोध

## भाजपा विधायक के समर्थकों ने खोला मोर्चा, बोले– लगाया जाए बदलू पासी का बोर्ड

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, बल्दीराय तहसील के हलियापुर में देर शाम एक सड़क पर विधायक निधि से महाराजा बिजली पासी स्मृति द्वार का बोर्ड लगाया गया। इसके बाद क्षेत्रीय ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और विधायक से इसे अन्यत्र स्थान पर लगाने की मांग की। जगदीशपुर विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी द्वारा अपने नाम के साथ किसी न किसी क्षेत्रीय महापुरुष या स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की स्मृति में विधायक निधि से बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को हलियापुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के साइड लेन से हलियापुर से कांकरकोला को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर महाराजा बिजली पासी के नाम का बोर्ड लगा दिया गया। शनिवार सुबह जब ग्रामीणों ने यह देखा तो दर्जनों लोग मौके पर इकट्ठा हो गए उन्होंने यह तर्क दिया कि महाराजा बिजली पासी का हलियापुर या इस क्षेत्र से कोई संबंध नहीं है, और उनके नाम का बोर्ड यहां पर स्थापित करना उचित नहीं है। विरोध करने वालों में सुरेश पासी के समर्थक भी शामिल थे, जिन्होंने विधायक को फोन करके अपनी नाराजगी जताई। इस बोर्ड का विरोध करने वालों में मुख्य रूप से भा.ज.पा. बूथ अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह और सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह थे। शैलेन्द्र सिंह ने कहा, बिजली पासी का हमारे क्षेत्र से कोई नाता नहीं है। अगर बोर्ड लगवाना ही है तो इस क्षेत्र के महापुरुषों या देवी-देवताओं के नाम पर लगाया जाए। वहीं अजय सिंह ने कहा कि बिजली पासी के नाम पर बोर्ड लगाना गलत है, क्योंकि उनका हमारे क्षेत्र से कोई संबंध नहीं है।

# कर्ज से परेशान मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

## मकान में काम करने गया था, शव फंदे पर लटका मिला, पुलिस ने शुरू की जांच

अमन लेखनी समाचार



बांदा, शहर कोतवाली क्षेत्र के चमरौडी चौराहे के परशुराम तालाब निवासी महेश (40), जो पुताई का काम करता था, का शव आजाद नगर मोहल्ले में एक मकान में फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महेश कर्ज की चिंता से परेशान था। महेश रोजी-रोटी के लिए पुताई का काम करता था। ठेकेदार के कहने पर वह आजाद नगर मोहल्ले के एक मकान में पुताई करने गया था। काम के दौरान उसने ऊपरी मंजिल के एक कमरे का दरवाजा बंद कर जाल से जूट की रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। शाम तक जब महेश ने दरवाजा नहीं खोला, तो ठेकेदार ने उसे आवाज दी। कोई जवाब न मिलने पर बगल की छत से कूदकर कमरे में गया, जहां महेश को फंदे पर लटका पाया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। परिवार और स्थानीय लोगों के अनुसार, महेश ने कुछ समय पहले कर्ज लिया था, जिसे वह चुका नहीं पा रहा था। इस वजह से वह मानसिक तनाव में था। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच की। पुलिस ने कहा कि आत्महत्या के पीछे की वजहों की गहराई से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# एसएचओ ने पेट्रोल पंप कर्मी की कॉलर पकड़कर घसीटा

## दबिश देने से पहले तेल डलवाने गए थे, देरी होने पर भड़क गए

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, पेट्रोल पंप पर पहुंचे एसएचओ पद की मयार्दा भूल गए। तेल भरने में देरी होने से एसएचओ इतना नाराज हो गए कि उन्होंने कर्मचारी को घसीटते हुए थाने भिजवा दिया। जिस समय ये घटना हुई उस समय एसओजी प्रभारी भी एसएचओ के साथ बिना नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी में मौजूद थे। पेट्रोल पंप पर एसएचओ की दबंगई की घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मामले को लेकर एसएचओ का कहना है कि कर्मचारी नशे में धुत था और पुलिस वालों से अभद्रता कर रहा था। पूरा मामला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के थाने से महज 50 मीटर दूरी पर सुशील ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप का है। जहां देर रात 10 बजे बिना नंबर की स्कार्पियो से जगदीशपुर थानाध्यक्ष धीरेंद्र यादव और एसओजी प्रभारी अनूप सिंह पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने पहुंचे। पेट्रोल पंप पर पहले से तेल भरवाने वालों की लाइन लगी थी। काफी देर खड़े रहने के बाद भी पंप कर्मचारी ने फ्यूल नहीं भरा। इससे एसएचओ साहब भड़क गए। गाड़ी से उतरे और कर्मचारी से कुछ कहा। इसके बाद दोनों में आपस में कोई बात हुई। बात करते ही रलड भड़क गए। कर्मचारी को घसीटते हुए थाने भिजवा दिया। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि पेट्रोल पंप पर एक सफेद कलर की एसयूवी आकर रुकती है। पेट्रोल पंप पर काफी लंबी लाइन लगी होती है। करीब 10 मिनट खड़े रहने के बाद बिना नंबर की स्कार्पियो से दो पुलिस कर्मी नीचे उतरते हैं। पेट्रोल पंप कर्मी से कहते हैं कि जल्दी तेल डालो, हम लोगों को दबिश पर जाना है। पुलिस वाले और पंप कर्मी में कुछ देर बात होती है। तभी गाड़ी से उतरने के बाद एसएचओ पेट्रोल पंप कर्मी की कॉलर पकड़कर घसीटने लगते हैं। पंप के कर्मचारी के मुताबिक, एसएचओ दूसरे पुलिसकर्मी से कहते हैं कि इसे गाड़ी में बैठाओ, थाने ले जाओ। बताया जा रहा है कि देर रात जगदीशपुर पुलिस और एसओजी टीम किसी मामले को लेकर दबिश देने जा रही थी।

## संक्षेप

### महिला को बदनाम करने का प्रयास, वीडियो वायरल की धमकी

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, 32 वर्षीय एक महिला की पुरानी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई। जिसमें महिला की यह वीडियो शादी से पहले की बताई है। महिला की शादी को भी 9 साल हो चुके हैं। पीड़िता ने ससुराल में बदनामी के डर से केमिकल पीकर जान देने का प्रयास किया। महिला एक अस्पताल में भर्ती है। महिला के पित ने खोड़ा थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर खोड़ा आनंद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि परिवार की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। 32 साल की महिला खोड़ा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी की रहने वाली है। महिला की शादी 2015 में युवक से हुई थी। महिला को इंस्टाग्राम पर उसकी पुरानी वीडियो वायरल करने की धमकी मिली। जहां आरोपी युवक अलग अलग मोबाइल नंबरों से महिला को परेशान कर धमकी दे रहा है। जिससे महिला मानसिक रूप से परेशान है। महिला ने केमिकल पी लिया, पति का कहना है कि तेजाब पिया है, जबकि पुलिस की जांच में आया है कि केमिकल है आरोपी लगातार महिला को परेशान कर रहा है। महिला का कहना है कि मेरी ऐसी कोई वीडियो नहीं थी, जहां उसकी वीडियो बताते हुए वायरल की बात कही जा रही है। वीडियो भी 10 से 12 साल पुरानी बताई गई है। महिला के 4 बच्चे भी हैं। महिला की हालत में सुधार है। इंस्पेक्टर खोड़ा का कहना है कि केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### बिजलीघर एसएसओ ने की पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक संविदाकर्मी ने गलत टिप्पणी कर दी। गलत टिप्पणी वाली इस पोस्ट को संविदाकर्मी ने अपने फेसबुक पर पोस्ट कर शेयर भी कर दिया। अब संविदाकर्मी के खिलाफ साइबर क्राइम का मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही उसकी संविदा भी समाप्त कर दी गई है। गंगानगर निवासी सेवानिवृत सैन्यकर्मी मुस्तकीम खान मोहिउद्दीनपुर बिजलीघर पर बतौर एसएसओ (सब स्टेशन ऑपरेटर) तैनात है। आरोप है कि मुस्तकीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को लेकर फेसबुक आईडी पर पोस्ट कर उसको वायरल कर दिया। यह पोस्ट बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हुई है। इससे पहले मामला तूल पकड़ता कि मोहिउद्दीनपुर बिजलीघर पर तैनात जेई ने मुस्तकीम पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया है। अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट सौंप दी है। साइबर सेल ने इस प्रकरण की जांच शुरू करा दी है। जांच में पता चला कि यह आपत्तिजनक पोस्ट कई मोबाइल नंबरों पर फॉरवर्ड भी कर डाली। मोहिउद्दीनपुर बिजलीघर के जेई गौरव कुमार ने आरोपी के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएसओ की संविदा समाप्त कर उसे नौकरी से हटा दिया गया।

# हवन कुंड से उठने वाली लौ मानव की अनंत ऊंचाइयों पर ले जाती है: श्रीधराचार्य

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत खानिमपुर में सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला द्वारा व्यास पीठ को आरती उतारी गई। जब सारे जप-तप निष्फल हो जाते हैं, तब यज्ञ ही सब प्रकार से रक्षा करता है। सृष्टि के आदिकाल से प्रचलित यज्ञ सबसे पुरानी पूजा पद्धति है। आज आवश्यकता है यज्ञ को समझने की। वेदों में अग्नि परमेश्वर के रूप में वंदनीय है। यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म माना गया है। समस्त भुवन का नाभि केंद्र यज्ञ ही है। यज्ञ की किरणों के माध्यम से संपूर्ण वातावरण पवित्र व देवगम बनता है। यज्ञ भगवान विष्णु का ही अपना स्वरूप है। वेदों का संदेश है कि शाश्वत सुख और समृद्धि की कामना करने वाले मनुष्य यज्ञ को अपना नित्य कर्तव्य अवश्य समझें। भगवान श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवत गीता में अर्जुन से कहते हैं, हे अर्जुन ! जो यज्ञ नहीं करते हैं, उनको परलोक तो दूर यह लोक भी प्राप्त नहीं होता है। जिन्हें स्वर्ग की कामना हो, जिन्हें जीवन में आगे बढ़ने की आकांक्षा हो उन्हें यज्ञ अवश्य करना चाहिए। यज्ञ कुंड से अग्नि की उठती हुई लपटें जीवन में ऊंचाई की तरह उठने की प्रेरणा देती हैं। यज्ञ में मुख्यतः अग्नि देव की पूजा का महत्व होता है।उपरोक्त बातें आचार्य श्रीधराचार्य ने कही। वह क्षेत्र के खानिमपुर में चल रहे श्री विष्णु यज्ञ में मौजूद श्रोताओं को यज्ञ की महिमा बता रहे थे।उन्होंने कहा कि यज्ञ करने वाले बड़भागी होते हैं। इस लोक में उनका दुःख-दारिद्रय तो मिटता ही है, साथ ही परलोक में भी सद्गति की प्राप्ति होती है। यज्ञ में जलने वाली समिधा समस्त वातावरण को प्रदूषण मुक्त करती है। यज्ञवेदी पर गूंजने वाली वैदिक ऋचाओं का तो कहना ही क्या, अद्भुत प्रभाव डालती हैं। यज्ञ में बोले जाने वाले मंत्र व्यक्ति की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। यज्ञ से ब्रह्मवर्चस की प्राप्ति होती है। यज्ञ से शांति, सुख की प्राप्ति होती है। जो याज्ञिक हैं, वे हर बाधा को पार कर जाते हैं। यज्ञ में बोले जाने वाले हर मंत्र में शरीर को झंकृत करने की अपार शक्ति होती है। परमपिता परमेश्वर से नाता जोड़ने का अनुपम माध्यम है यज्ञ। मनुस्मृति में उल्लेख है कि यज्ञ के माध्यम से मनुष्य विद्वान बनता है, लेकिन मनुष्य को स्वयं को कुछ विशेष आहार-विहार एवं गुण-कर्म में ढालना पड़ता है। ताकि इस दौरान उसका चिंतन मनन श्रेष्ठ बना रहे। यज्ञ लौकिक संपदा के साथ-साथ आध्यात्मिक संपदा की प्राप्ति का द्वार है। इसके पहले सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला द्वारा व्यास पीठ को आरती उतारी गई।विधायक ने कहा कि यज्ञ से समस्त आसुरी शक्तियों का नाश होता है। समाज में व्याप्त बुराइयों का विनाश होता है।साथ ही यज्ञ से मानव को आत्मिक बल भी मिलता है।इस दौरान नन्हें सिंह, रामबुझारत पासी, अविनाश सिंह, ऋषिकेश जायसवाल, इंद्रेश मिश्रा, विपिन सिंह, राधेरमण साहनी, शैलेन्द्र पाल, राघवदास, हरिशदास, रामानंद दास सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# ओटीएस योजना कैंप में विद्युत विभाग सिकरीगंज ने की एक लाख अस्सी हजार की वसूली

- एकमुश्त समाधान योजना का उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने में जुटे बिजली विभाग के आला अधिकारी
- 31 जनवरी 2025 तक उपभोक्ताओं को मिलेगा शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर।खजनी तहसील अंतर्गत विकासखंड उरुवा के ग्राम सभा पिंडरी (तिवारीपुर)में विद्युत विभाग की तरफ से कैंप लगाया गया और वर्तमान में चल रही एक मुश्त समाधान योजना को लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया। कैंप में पहुंचे 42 उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना का लाभ उठाते हुए चार लाख अस्सी हजार रुपए बकाए की अदायगी की। इस दौरान बकायेदारों के कनेक्शन को काटने की भी कार्रवाई हुई। इससे उपभोक्ताओं में हड़कंप की स्थिति बनी रही। अधिशासी अभियंता संतोष कुमार व बी.एम.एम. व्यास कुमार मौर्य ने बताया कि कैंप में एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरूक किया। कैंप में पहुंचे लोगों को जागरूक करते हुए योजना का लाभ उठाकर बकाया बिल जमा करने की अपील की गई। बताया कि एक मुश्त समाधान योजना में 42 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जेई राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि उपभोक्ताओं का बिल बकाया पर छूट के साथ बिजली बिल के भुगतान को जमा कराया जा रहा है। साथ ही मौके पर ही बिल संशोधन सहित बिजली संबधित कार्य को गठित टीम द्वारा निस्तारित किया जा रहा है। साथ ही बकायेदारों को चिह्नित किया जा रहा है। उन्होंने अपील की इस योजना का अधिक से अधिक लोग लाभ उठाएं और बकाया जमा करें। अन्यथा कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विद्युत सखी जयंती देवी कैशियर गजराज सिंह यादव, फीडर मैनेजर राजीव यादव,सद्दाम हुसैन, अविनाश पाण्डेय लाइनमैन मदन कुमार, प्रदीप कुमार इत्यादि लोगों ने मौके पर उपस्थित रहे।

# खजनी में होमगार्ड ने नदी में छलांग लगाकर महिला की बचाई जान

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र के छताई पुल पर आज सुबह एक महिला ने अचानक आमी नदी में छलांग लगा दी। लेकिन, मौके पर मौजूद होमगार्ड चंद्रकेश की सतर्कता और बहादुरी ने महिला की जान बचाई।सूत्रों के मुताबिक, महिला पारिवारिक कलह से परेशान थी और इसी कारण उसने यह कदम उठाया। हालांकि, पुलिस अभी भी मामले की जांच कर रही है।घटना की सूचना मिलते ही होमगार्ड चंद्रकेश ने बिना किसी देरी के नदी में छलांग लगा दी और डूबती महिला को बाहर निकाला। उनके साथ दो स्थानीय युवकों ने भी इस काम में मदद की। महिला को तुरंत खजनी पीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत स्थिर बताई है। महिला की पहचान बेलघाट निवासी संतोष पत्नी रिंकू देवी के रूप में हुई है। महिला को बचाने में होमगार्ड चंद्रकेश और दो स्थानीय युवकों की तत्परता की हर तरफ सराहना हो रही है। महिला को तत्काल खजनी पीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को स्थिर बताया और कहा कि उसकी जान अब खतरे से बाहर है।थाना प्रभारी सदानंद सिन्हा ने बताया कि होमगार्ड चंद्रशेखर की बहादुरी के कारण महिला की जान बच गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# ताबड़तोड़ चाकू मारकर की गई शिवम की हत्या

### मेरठ में भाजपा नेता के साले की हत्या मामले में पुलिस ने 4 लोगों को हिरासत में लिया


अमन लेखनी समाचार

मेरठ/सरधना, जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता सुनील शर्मा के तहेरे भाई के साले शिवम उर्फ भूरा की हत्या में गांव की 6 साल पुरानी रंजिश सामने रही है। शिवम को बेहद बर्बरता से मारा गया। उसे गोली नहीं बल्कि उसके चेहरे, शरीर पर कई जगह चाकूओं से ताबड़तोड़ वार कर मारा गया है। शिवम उर्फ भूरा के चेहरे, गर्दन, सीने पर चाकू से लगभग 18 वार किए गए हैं। शिवम का पोस्टमार्टम हुआ तो रिपोर्ट में सारी क्रूरता सामने आई। शिवम की लाश लहुलूहान हालत में नहर के पास झाड़ियों में मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि शिवम को डराने के लिए कार में आए आरोपितों ने पहले फायरिंग कर उसे डराया। डरने के बाद शिवम बाइक से गिर गया। तो कार सवारों ने उसे उठाया और अगवाकर कार में ले गए। इसके बाद उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। सिर्फ डराने के लिए हत्यारोपितों ने फायरिंग की थी। हत्या करने के बाद उसका शव नहर में फेंकने की प्लानिंग थी, लेकिन शव किनारे पर झाड़ियों में अटक गया। जिस ऑल्टो कार से बदमाश शिवम को मारने आए जांच में सामने आया कि उस ऑल्टो पर अधूरा नंबर लिखा था। शिवम हापुड़ के पिलखुवा थाना क्षेत्र के गांव बड़ौदा हिंदुवान का मूल निवासी था। विनीत की राधना तिराहे पर खाद-बीज की दुकान है। दुकान का संचालन शिवम ही करता था। शिवम गुरुवार शाम छह बजे दुकान बंद कर बाइक से अक्खेपुर लौट रहा था। व विरोध करने पर फायरिंग की। इसके बाद शिवम को उठाकर गांव सलावा की ओर नहर की पटरी पर ले गए। वहां पर चाकू से वार कर शिवम की हत्या कर दी और शव नहर में फेंक दिया। बदमाशों का पीछा कर रहे ग्रामीणों ने कांबिंग कर शव तलाश लिया। शिवम के फूफा योगेंद्र की तरफ से बड़ौदा हिंदुवान के प्रधान तेजपाल और उसके साथियों को नामजद किया गया है। जो फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी तलाश में हापुड़, मेरठ से लेकर बिजनौर, आसपास के जिलों में लगी हैं। शिवम के घरवालों ने बाया कि दरअसल शिवम ने 6 साल पहले अपने साथियों के साथ मिलकर गांव में तेजपाल पर जानलेवा हमला किया था। तभी से तेजपाल शिवम का दुश्मन बन गया। क्योंकि इस हमले से तेजपाल को लगा कि उसकी प्रतिष्ठा कमजोर हो गई है।इसलिए उसने शिवम उसके साथियों को अपना दुश्मन मान लिया और बदले की आग में जल रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि तेजपाल ने ही छह साल पुरानी रंजिश में शिवम को मारा है। हालांकि अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है। शिवम की लाश फेंकने के बाद इसके बाद मोबाइल घर पर छोड़कर हत्यारोपित प्रधान तेजपाल फरार हो गया। पुलिस ने उसकी पत्नी, बहनोई व उसके दो रिश्तेदारों को हिरासत में लिया है।

# शातिर लुटेरे का एनकाउंटर

### पुलिस ने दौड़ाकर मारी गोली, अंकुर विहार में लूट की घटना को दे चुका है अंजाम

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, स्वाट टीम ग्रामीण जोन व ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने लूट में वांछित चल रहे एक शातिर लुटेरे को एनकाउंटर के बाद अरेस्ट किया है। जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पैर में गोली मारी। यह अपराधी पुलिस पर तमंचे से फायर कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पूछताछ में पता चला कि भूरा अंकुर विहार से लूट में वांछित चल रहा था। जिस पर लूट के कई मुकदमें दर्ज हैं। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि बाइक सवार को मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी की बाइक व एक तमंचा बरामद किया गया है। मौके से एक कारतूस भी बरामद किया गया है। स्वाट टीम ग्रामीण वह ट्रॉनिका सिटी पुलिस के द्वारा आवास विकास से जाने वाले रोड पर चेकिंग कि जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने बाइक पर सवार एक संदिग्ध युवक को रुकने का इशारा किया। युवक ने अपनी बाइक को तेजी से दौड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन युवक ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी आत्मरक्षा कार्रवाई करते गोली चलाई, जिसमें युवक के पैर में गोली लगी। जिसके बाद घायल को किया गिरफ्तार किया। घायल ने अपना नाम भूरा पुत्र इस्लाम निवासी दौलत नगर थाना ट्रोनिका सिटी बताया।

# गाजियाबाद में बीच सड़क पर गुंडई

- कविनगर में रेस्टोरेंट के बाहर कार पार्क करने को लेकर 3 युवक करते रहे बीच सड़क पर पिटाई, तीनों अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, बीच सड़क पर गुंडई करने का मामला सामने आया है। यह घटना कविनगर थाना क्षेत्र की है। वीडियो सामने आने के बाद उच्च अधिकारियों ने पुलिस को जांच करने भेजा। जहां पुलिस ने तीनों युवकों को अरेस्ट कर हवालात में बंद कर दिया। तीनों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस भी दर्ज कर लिया गया है। पुलिस कहना है कि रेस्टोरेंट के बाहर कार पार्क करने पर विवाद हुआ। जहां तीन युवक कार चालक के साथ मारपीट करने लगे। युवक को बेरहमी से पीटा, इस बीच किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। बीच सड़क पर सरेआम दो युवकों को पीटने की यह घटना कविनगर क्षेत्र में राजनगर RDC की है। वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर तीन युवकों को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपी आयुष, नीतीश और अभिषेक को किया गिरफ्तार। जिस जगह पर मारपीट की गई है, वहां परिवार के अन्य लोग भी खड़े हुए हैं। जिसमें एक महिला की आवाज वीडियो में आ रही है कि छोड़ छोड़ दो, यह महिला आरोपी युवक के परिवार से है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 27 तारीख की रात को यह वीडियो सामने आया। वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच की गई। जिसमें पता चला कि कविनगर थाना क्षेत्र की यह घटना है। पुलिस ने तीनों युवकों को अरेस्ट कर लिया है। जिनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की हड़ताल जारी

### तीन महीने से नहीं मिली सैलरी, नर्स ने नोडल पर लगाए अभद्रता के आरोप

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रही। जिस वजह से मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था गड़बड़ा गई। नर्स ने नोडल अधिकारी पर अभद्रता के आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। डीएम और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने हड़ताल कर रहे कर्मचारियों से वातार्लाप की, और उन्हें आश्वासन दिया है। मेडिकल कॉलेज के 850 आउटसोर्सिंग कर्मचारी नर्स और वार्ड ब्वाय तीन दिन से हड़ताल पर हैं। पहले दिन उनसे मिलने समाजवादी पार्टी से सरधना विधायक अतुल प्रधान गए थे। दूसरे दिन तेज बारिश में कर्मचारियों ने विरोध जताते हुए पैदल मार्च किया और कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया था। यानी आज भी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। आउटसोर्सिंग कर्मचारी शाहरुख ने बताया कि उनकी तैनाती जीत एचआर और जीत सिक्योरिटी कंपनी द्वारा की गई थी। दोनों कंपनी के अंतर्गत कर्मचारी आते हैं। लेकिन तीन माह से कर्मचारियों का वेतन नहीं दिया गया। उन्होंने कंपनी के अधिकारियों से वातार्लाप की और मेडिकल कॉलेज का बजट नहीं होने की वजह से उनका वेतन रोका गया। इसी वजह से कर्मचारियों ने हड़ताल की। डीएम दीपक मीणा और लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल आरसी गुप्ता ने कर्मचारियों से वातार्लाप की, जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया है कि कंपनी के पदाधिकारी को मेरठ बुलाया गया है। वेतन के संबंध में वातार्लाप कर समाधान निकाला जाएगा। मेडिकल कॉलेज में मानसिक रोग विभाग की ओपीडी से बाहर की जाने पर आउटसोर्सिंग नर्स नीतू गुप्ता ने जमकर हंगामा किया। मानसिक रोग विभाग अध्यक्ष डॉ तरुण पाल नोडल अधिकारी हैं। नीतू गुप्ता ने बताया कि वें वेतन संबंधित समस्या लेकर तरुण पाल के पास ओपीडी में गई थी। लेकिन उन्होंने अभद्रता करते हुए भगा दिया। महिला ने इस संबंध में मेडिकल थाने में शिकायत पत्र दिया है।

हालांकि डॉक्टर का कहना है कि नर्स ड्यूटी बदलने से नाराज थी। जिस वजह उन्होंने हंगामा किया।

# बुलंदशहर में अभियंताओं पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

### जेई संघ ने उठाया सवाल, आंदोलन की चेतावनी, निजीकरण का कर रहे हैं विरोध

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बिजली अभियंताओं पर लगातार हो रही कार्रवाई अब सवालों के घेरे में आ गई है। अभियंताओं पर हो रही कार्रवाई अब निजीकरण को लेकर बनाए जा रहे दबाव की रणनीति का एक हिस्सा बताई जा रही है। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद अभियंता हाईकोर्ट का रुख कर रहे हैं और हाईकोर्ट से उन्हें राहत भी मिल रही है। जिस प्रकार से पिछले कुछ दिनों से बिजली विभाग के निजीकरण की बात सामने आ रही है और सरकार इस ओर अपना कदम भी बढ़ा चुकी है, तभी से अभियंताओं ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश भर के बिजली अभियंता, बाबू और अन्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं। प्रदेशव्यापी आंदोलन किए जा रहे हैं। सबसे अधिक दिक्कत अभियंताओं के हड़ताल पर जाने से हो रही है। यही कारण है कि अब आईएएस अफसरों के निशाने पर अभियंता अफसर आ गए हैं। चीफ इंजीनियर से लेकर अधीक्षण अभियंता, एक्सईएन, एसडीओ और जेई तक ताबड़तोड़ तरीके से सस्पेंड किए जा रहे हैं। न तो इनकी विभागीय स्तर पर कोई सुनवाई हो रही है और न ही कोई जांच कराई जा रही है। आईएएस अफसर सीधे इन्हें सस्पेंड कर रहे हैं। कई मामलों में तो इनके खिलाफ गलत तरीके से कार्रवाई भी की जा रही है। जेई संघ के पश्चिमी यूपी प्रमुख आरसी द्विवेदी का कहना है कि सरकार की मंशा ही गलत है। सरकार सब कुछ निजी हाथों में दे देना चाहती है। अभियंता संघ और जेई संघ किसी भी हाल में ऐसा नहीं होने देंगे। यही कारण है कि हमें टारगेट किया जा रहा है। एमडी मेरठ ईशा दुहन का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो अफसर लापरवाही बरतेगा, उस पर कार्रवाई होगी।

# पुलिस से मुठभेड़ में बदमाश घायल

### जवाबी फायरिंग में पैर पर लगी गोली, पशु काटने के औजार भी मिले

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, थाना टीला मोड़ क्षेत्र में एक बाइक सवार व्यक्ति के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। बारिश के चलते आरोपी की बाइक फिसल कर गिर गई। इसके बाद उसने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की तरफ से जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी को गौकशी करता है। आरोपी के कब्जे से बाइक हथियार और गौकशी के उपकरण बरामद हुए हैं। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया की थाना टीला मोड़ क्षेत्र में पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान कोयल एंक्लेव के सामने एक मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया जो देखने पर संदिग्ध लग रहा था। जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो उसने अपनी बाइक घुमा कर भागने का प्रयास किया लेकिन बारिश होने के चलते उसकी बाइक फिसल कर गिर गई। इस व्यक्ति ने पुलिस को अपने पास आते देख फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बाइक सवार व्यक्ति के पैर में गोली लगी है। जिसने पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद फिरोज निवासी चांदनी महल दिल्ली बताया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस, पशु काटने का सामान और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसने कुछ दिन पहले पशु काटे थे।

# बुजुर्ग पर जानलेवा हमला

- लाठी से किए ताबड़तोड़ वार, वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर सिखेड़ा मे जमीनी विवाद के चलते छोटा भाई अपने बड़े भाई का दुश्मन बन गया। बड़े भाई को छोटे भाई और भतीजों सहित उनके घर की महिलाओं ने लाठी डंडों से बुरी तरह पीट दिया, आसपास के लोगों ने पिटाई का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की पुलिस ने आरोपी भाई और उसके बेटों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी। मामला बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर सिखेड़ा का बताया जा रहा है। जहां छोटे भाई ने अपने बेटे और घर की महिलाओं के साथ मिलकर अपने बड़े भाई पर लाठियां से ताबड़तोड़ हमले कर दिए हमले में बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस एक्शन में आई और पीड़ित से तहरीर लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार दोनों भाइयों में जमीन के एक छोटे से टुकड़े को लेकर विवाद चल रहा था। इसी को लेकर छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई पर जानलेवा हमला किया है, हालांकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि वीडियो संज्ञान में आया है पीड़ित से तहरीर ले ली गई है वीडियो की जांच कराकर कार्यवाही करेंगे।

## 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान मे सीएचसी पर बैठक हुई आयोजित

**टीबी मरीजों को खोजने,एंव समुचित इलाज पर विस्तृत चर्चा : सीएमओ**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को लेकर आज जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संबंधित अधीक्षक, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत जनपद में टीबी मरीजों को खोजने, उनके समुचित इलाज तथा जन जागरूकता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं आपसी समन्वय से कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में कार्य करने को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाकर टीबी मरीजों को खोजने, उनकी जांच करने तथा उनका समुचित इलाज करने के निर्देश दिए गए हैं जिसके क्रम में जनपद में अभियान को सफल बनाने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है।

# 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक

### जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी रहे मौजूद

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शासन द्वारा 07 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलाए गए 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को जनपद में सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में मा. जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में टीबी मरीजों को खोजने, उनके समुचित इलाज तथा जन जागरूकता को लेकर विस्तृत चर्चा किया। बैठक में. जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद अमेठी में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत 80000 से अधिक संवेदनशील व्यक्तियों की जांच की गई, 1000 संदिग्ध व्यक्तियों के एक्सरे किए गए और 300 का नाट परीक्षण किया गया, 185 से अधिक मरीजों का इलाज शुरू किया गया है निदान किए गए मरीजों को 72 निक्षय पोषण किट वितरित की गई हैं, आशा द्वारा घर-घर जाकर 70 वर्ष से ऊपर आयु वाले व्यक्तियों को मोबलाइज किया जा रहा है। 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर निक्षय शिविर का आयोजन कर टीबी मरीजों को चिन्हित करने के साथ ही उनकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य टीबी के लापता रोगियों को खोजना है इसके लिए आशाओं द्वारा घर-घर जाकर 70 वर्ष से ऊपर आयु के व्यक्तियों को चिन्हित करने के साथ ही गांव में प्रचार प्रचार भी किया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी माननीय जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करते हुए कहा कि इस अभियान में आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है आप लोग भी जब क्षेत्र में निकले तो इस अभियान का जन सामान्य के मध्य व्यापक प्रचार प्रसार करें जो लोग टीबी से ग्रसित हैं उन्हें नियमित दवाई खाने के लिए प्रेरित करें हम सभी लोगों को मिलकर इसे एक मुहिम की तरह लेकर आगे बढ़ना है तभी हमारा जनपद, प्रदेश व देश टीबी मुक्त बन पाएगा।



## नापजोख के बाद किसवाही रपटा निर्माण को मिली हरी झंडी

**शिकायतकर्ता के आरोप निराधार ग्राम समाज की भूमि पर हो रहा निर्माण**

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। किसवाही मुण्डेरा मार्ग पर चंदावल नदी में बन रहे रपटा के निर्माण को प्रशासन ने नापजोख के बाद हरी झंडी दे दी है। इस पर अब कार्यदायी संस्था ने निर्माण शुरू करा दिया है।

बताते चलें कि दो वर्ष पूर्व एक गर्भवती को लेकर अस्पताल जा रही एंबुलेंस कोहरे के चलते नदी पार करते समय रास्ता भटककर फंस गई थी। तब यह प्रकरण काफी चर्चित हुआ था। इस प्रकरण के बाद सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने पीडब्ल्यूडी से प्रस्ताव तैयार कराकर प्रशासन को भेजा था। स्वीकृत के बाद इसके निर्माण की जिम्मेदारी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईएस) को सौंपी गई। रपटा निर्माण का शुभारंभ सदर विधायक ने ग्रामीणों की मौजूदगी में भूमि पूजन करके किया था। गत 28 दिसंबर को सिसोलर थाना क्षेत्र के किसवाही निवासी छत्रपाल सिंह यादव ने निजी भूमि में निर्माण का आरोप लगाकर कार्य ठप करा दिया था। इसकी शिकायत आरईएस के अवर अभियंता प्रदीप कुमार रस्तोगी ने तहसीलदार मौदहा के साथ थानाध्यक्ष सिसोलर से की थी। सूचना पर कानूनगो व लेखपाल आदि पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और शिकायतकर्ता के खेत की नापजोख की। इससे पता चला कि शिकायतकर्ता मूल जोत से अधिक ग्राम समाज की भूमि भी जोत रहा है और उसी में हो रहे निर्माण को निजी भूमि बताकर विरोध कर रहा है। ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में हुई नापजोख के बाद जब पता चला कि कार्यस्थल पर कोई निजी भूमि नहीं है। तब कार्यदायी संस्था को निर्माण करने की हरी झंडी दे दी गई। जिस पर संस्था ने अब पुनः कार्य प्रारंभ करा दिया है। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. बनवाकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें किसान

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों में कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा कैम्प मोड में अभियान चलाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 तैयार किये जाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिसका अनुश्रवण प्रतिदिन जिलाधिकारी द्वारा किया जा रहा है। जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी अमेठी द्वारा जनपद के जन सुविधा केन्द्रों एवं फार्मर रजिस्ट्री हेतु प्राप्त एप सहायक मोड से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई०डी० तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 242054 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई०डी० बनायी जानी है जिसमें से अभी तक कुल 26320 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई०डी० तैयार की गयी है

## चन्द्रा मोहन मानव सेवा संस्थान ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठीः चन्द्रा मोहन मानव सेवा संस्थान ने ठंड के मौसम में गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम अमेठी अंतू रोड बाईपास (निकट FSCI गोदाम) पर आयोजित हुआ। संस्थान के अध्यक्ष संदीप पाण्डेय उर्फ डब्बू के नेतृत्व में 1000 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

संस्थान के अध्यक्ष संदीप पाण्डेय उर्फ डब्बू ने कहा,मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। हमारी कोशिश हमेशा यही रहती है कार्यक्रम के दौरान मोहन पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, अनिल मिश्र शिवा,विनोद पाण्डेय, रामचन्द्र मिश्र, राहुल दुबे, शोले सिंह, बंटू पाण्डेय, सूरज द्विवेदी, विराट मिश्र, विपिन दुबे, विकास दुबे, जगदंबा तिवारी, आदेश मिश्र, अमन दुबे, नीलांशु पाण्डेय, विकास शुक्ला उर्फ संजय राजू, मुन्ना पाण्डेय, अक्षत पांडे, ऋषि मणि मिश्र और अरुण शामिल थे।

## अनशनकारियों ने तहसील प्रशासन पर शौचालय पर ताला डालने व पेयजल की व्यवस्था बंद करने का लगाया आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। नगर के तहसील परिसर में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन आज 11वें दिन भी जारी है। अनशन स्थल पर किसी जिम्मेदार अधिकारी के न पहुंचने पर अनशनकारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

अवगत हो कि तहसील प्रशासन पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने नये कानून को ताक में रख मनमानी ढंग से कार्य करने का आरोप लगाते हुए गत 20 दिसंबर से अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील परिसर में क्रमिक अनशन शुरू किया था। जो आज 11वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को अधिवक्ता संघ के लक्ष्मी प्रसाद, रामकुमार गुप्ता, इंद्रपाल प्रजापति व मोहम्मद फहीम की अगवाई में दर्जनों अधिवक्ताओं का सहयोग रहा। इधर अधिवक्ताओं के अनुसार 11 दिन तक क्रमिक अनशन करने के बावजूद उनकी मांगे पूरी होना तो दूर कोई जिम्मेदार अधिकारी ने उनकी सुधि नहीं ली है, जिससे अनशनकारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अनशनकारियों ने तहसील प्रशासन पर शौचालय पर ताला डालने के अलावा पेयजल की व्यवस्था बंद करने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष नसीरुद्दीन ने इस हाड़ कपाऊ सर्दी में अनशनकारी अधिवक्ताओं को ठंड से बचाव हेतु दो कंबल प्रदान किए हैं।

## समिति में खाद होने के बाद नहीं मिल रही किसानों को

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के इंगोहटा सहकारी समिति में एक ट्रक यूरिया खाद मौजूद होने के बावजूद भी किसानों को नहीं दी जा रही है। इससे इंगोहटा, बिदोखर मेदनी, बिदोखर पुरई, मवई जार, बंडा, पलरा, बांकी, नदेहरा, बांक व बिलहड़ी के किसान परेशान हैं। भीषण सर्दी के बीच किसान किराया खर्च करके समिति के चक्कर काटने को मजबूर हैं। किसान रणवीर सिंह, कामता प्रसाद, अवधेश, रामकिशोर आदि किसानों ने आरोप लगाया कि समिति में खाद उपलब्ध होने के बावजूद नहीं दी जा रही है। इस समय पर खाद न मिलने से उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं। समिति के सचिव राघवेंद्र ने बताया कि एक ट्रक खाद उपलब्ध है। लेकिन किसानों की मांग अधिक है। एक ट्रक खाद और आने वाली है। जो एक जनवरी को वितरित की जाएगी। एडीसीओ सहकारिता सुरेश चन्द्र ने बताया कि इंगोहटा समिति में अभी खाद नहीं है। आने पर वितरण कराया जाएगा।

## सोमवती अमावस्या पर तपोभूमि झारखण्ड धाम में उमड़ा भक्तों का श्रद्धा रूपी जन सैलाब

**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा, झांसी। महर्षि विश्वामित्र की तपस्थली झारखण्ड धाम में सोमवती अमावस्या पर ठिठुरन भरी सर्दी के बावजूद हजारों लोगों ने धसान नदी में विश्वामित्र घाट पर स्नान कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर में दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। दर्शनार्थियों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। महिलाओं ने पीपल व आंवला वृक्ष की परिक्रमा कर ईश्वर से सुख समृद्धि की कामना की। हजारों भक्तों द्वारा नागनाथ पर्वत की पावन परिक्रमा श्रद्धा भाव से भजन संकीर्तन करते हुए की गई। बृजपाल सिंह यादव एण्ड पार्टी द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुति पर भक्त भाव विभोर हो गए। विश्वामित्र सेवा समिति के द्वारा आये हुए भक्तों को निशुल्क चाय तथा खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था में लहचूरा थाना पुलिस मौके पर मौजूद रहीं। विश्वामित्र सेवा समिति के रविन्द्र पाल सिंह परमार, जयपाल सिंह बुंदेला, रामलखन पांचाल, जगदीश नापित,आशु तिवारी, प्रिंस राजा, ऋषि राजा, सतीश सेन,रमेश यादव भगत जी, हीरालाल अहिरवार आदि का विशेष सहयोग रहा।






## कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने गरौठा क्षेत्रवासियों को दी विकास की सौगात

**मुक्तिधाम गुरसरांय व गरौठा-राठ-हमीरपुर तक जोड़ने वाले मार्ग की रखी आधारशिला**

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा, झांसी। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने अपने शुरूआती समय से लेकर वर्तमान में गुरसरांय,गरौठा क्षेत्र के विकास के लिए जो भी काम किए हैं वह ऐतिहासिक व अपने में रिकॉर्ड है। वर्तमान में जो क्षेत्रीय विधायक से लेकर शासन के अन्य विभाग नहीं कर पाए उन्होंने गुरसरांय नगर में मुक्ति संस्था के प्रमुख सुनील जैन डीकु व संस्था के आग्रह पर मुक्ति धाम गुरसरांय के लिए दाह संस्कार स्थल,शोकसभा स्थल,शव विश्राम स्थल एवं सौंदर्यीकरण के लिए 40 लाख रुपये अपनी निधि से स्वीकृत करके काम को व्यावहारिक रूप में परिवर्तित करके गुरसरांय कस्बे की जनता के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। क्योंकि अभी तक मुक्ति धाम में उक्त व्यवस्थाएं ना होने से अंतिम संस्कार के लिए लोगों को काफी परेशानी हुआ करती थी और यह सब अति महत्वपूर्ण काम विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने करके एक बार फिर दिखा दिया की ओल्ड इज गोल्ड का कोई मुकाबला जन सेवा के कामों में कोई नहीं कर पाया है। उधर कई दशकों से देश की आजादी के बाद गरौठा क्षेत्र के सबसे पिछड़े क्षेत्र कचीर पुल व सड़क निर्माण कराकर मझगवां हमीरपुर जोड़ने का काम मौके पर युद्ध स्तर से चालू हो गया है इससे दोनों जिलों की दूरी और आवागमन का रास्ता बहुत ही सुगम और दूरी कम हो जाएगी। यह भी काम विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के द्वारा अपने अंजाम तक पहुंचा है। इस काम के लिए कई सालों से और कई सरकारों में तरह-तरह की रुकावटें आ रही थी इन सब बधाओ को दूर करने में भी बेहतरीन प्रयास कुंवर मानवेन्द्र सिंह का रहा है इन कामों से क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## नीतीश कुमार मिश्राः शिक्षा के क्षेत्र में नई प्रेरणा

**BPSC शिक्षक भर्ती परीक्षा मे तीसरे चरण का परिणाम**

**अमन लेखनी समाचार**

बिहार ब्युरो दरभंगा जिले के तारडीह प्रखंड स्थित ग्राम मछैता ड्योढ़ी के निवासी नीतीश कुमार मिश्रा ने बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण में सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि ने क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा दी है।नीतीश के स्वर्गीय बाबा, कोकिला नंद मिश्र, उनके जीवन में प्रेरणा का स्त्रोत रहे। परिवार ने इस सफलता को उन्हें समर्पित किया। नीतीश ने 10+2(PGT) स्तर की परीक्षा में अपनी जगह सुनिश्चित की।बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण में 1746 पदों के लिए चयन किया। विभिन्न विषयों में आयोजित इस परीक्षा में नीतीश ने अपनी मेहनत और लगन से सफलता पाई।



### समाज को बेहतर बनाने का संकल्प

नीतीश कुमार मिश्रा की यह सफलता दिखाती है कि मजबूत इच्छाशक्ति और सही दिशा में प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## आपराधिक प्रवृत्ति के तीन लोगों को जिला मजिस्ट्रेट ने किया जिलाबदर, एक का शस्त्र लाइसेंस किया निरस्त

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। जनपद को अपराध मुक्त व भयमुक्त बनाने के उद्देश्य से जनपद के अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शिकंजा कसते हुए कड़ी कार्रवाई का क्रम जारी रखा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने जनपद के आपराधिक किस्म के तीन व्यक्तियों पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत जिला बदर की कार्यवाही की है। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति पर शस्त्र अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए संबंधित का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया है। इन ताबड़तोड़ कार्यवाहियों को देखते हुए जनपद के अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिन तीन व्यक्तियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है उसमें से जितेंद्र पुत्र ईश्वर दास निवासी ग्राम पड़रा थाना राठ, शैलेंद्र लोधी उर्फ शीलू लोधी पुत्र गिरजानंदन निवासी ग्राम लींगा थाना राठ व हगपाल पुत्र वासुदेव लोधी निवासी ग्राम बिलगांव थाना जलालपुर शामिल हैं। जिला बदर किए गए इन तीनो लोगों को जिलाधिकारी ने 6 माह के लिए जनपद हमीरपुर से निष्कासित किया है तथा आदेश दिए हैं कि निष्कासन की अवधि में वह जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश न करें। जनपद से बाहर जहां वह निवास करेगे वहां का पता जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं वहां के थाने को देगे। वहां पर किसी प्रकार शस्त्र / हथियार लेकर नहीं चलेगें। आदेश का अनुपालन करने के लिए एक एक लाख रुपए की दो प्रतिभूतियों एवं इतनी धनराशि का व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करना होगा। उन्होंने आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक के माध्यम से संबंधित प्रभारी निरीक्षक को अनुपालनार्थ प्रेषित की है। जिलाधिकारी ने इन तीनों प्रकरण में पाया कि इन सभी की गतिविधियां समाज के लिए हानिकारक हैं तथा उनकी ख्याति दुःसाहसी एवं समुदाय के लिए खतरनाक प्रवृत्ति की हैं।इसके अलावा जिलाधिकारी ने शस्त्र अधिनियम के तहत ग्राम रतवा थाना मौदहा निवासी राम औतार पुत्र रामाधार यादव का शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया है। उन्होंने इस संबंध में संबंधित प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया है कि वह शस्त्र को अपने कब्जे में लेकर कलेक्ट्रेट मालखाना में जमा करायें।

## एसपी ने गौरीगंज में किया पैदल गश्त



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा ह्मिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं/बालिकाओं एवं आमजनमानस में भयमुक्त, सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा गौरीगंज में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा मुख्य मार्गों एवं चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

## जनसुनवाई के दौरान ठंड से बचाव के लिये डीएम ने फरियादियों को वितरित किए कंबल

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। सोमवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों को जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल वितरित किए।

जनसुनवाई में करीब 101 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए। जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।



## यूरिया आते ही किसानो की उमड़ी भीड़

**दोपहर में खत्म होने से निराश हुए किसान**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति में सोमवार को यूरिया खाद आते ही किसानों की भीषण ठंड में सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर में खाद खत्म होने पर सैकड़ो किसान निराश होकर बैरंग लौट गए। सचिव ने बताया कि मंगलवार को फिर से यूरिया आने की उम्मीद है। डीएपी के बाद यूरिया का संकट बना हुआ है। यूरिया आते ही समितियों में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ती है। सोमवार को कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति में वितरण के लिए 550 बोरी यूरिया उपलब्ध हुई थी। इसका वितरण सचिव शुभम त्रिपाठी ने सुबह शुरू किया। दोपहर में खाद खत्म होने से सैकड़ो किसान निराश होकर बैरंग लौट गए। विदोखर के सुरेश यादव, संदीप यादव पलरा के संजय यादव, अनिल कुमार, बिरखेरा के रामबाबू, अतरैया के राम सिंह, पंधरी के दिनेश कुमार, टेढ़ा के पवन कुमार आदि ने बताया कि यूरिया आने की सूचना पर वह भी खाद लेने पहुंचे थे लेकिन दोपहर तक खाद खत्म हो गई थी। क्रय विक्रय सहकारी समिति के सचिव शुभम त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को यूरिया आने की उम्मीद है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## सुजॉय घोष की फिल्म में नजर आएंगे शाहिद कपूर?

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता सुजॉय घोष और बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर कथित तौर पर एक संभावित थ्रिलर प्रोजेक्ट के लिए बातचीत कर रहे हैं। दोनों ने शुरुआत में 2021 में सहयोग करने की योजना बनाई थी, लेकिन शेड्यूल के ऊपर-नीचे होने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। अब, वे 2025 में प्रोडक्शन शुरू करने की योजना के साथ इस विचार पर फिर से काम कर रहे हैं। 'कहानी' (2012) और 'बदला' (2019) जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाने वाले घोष ने कथित तौर पर इस फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। हालांकि कथानक का विवरण गुप्त रखा गया है, इसमें रहस्य और नाटक के जबर्दस्त तालमेल की संभावना है, जिसके लिए घोष को जाना जाता है।

लाइफ Style

# दीपिका
## मैं अपनी बेटी को खुद पालूंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कल्कि 2898 एडी की अपार सफलता के बाद से ही फिल्म के प्रशंसक बेसब्री से इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, ऐसा लग रहा है कि इस फिल्म के प्रशंसकों को थोड़ा और ज्यादा इंतजार करना पड़ सकता है।

कल्कि 2 की शूटिंग 2025 की गर्मियों में शुरू होनी थी, लेकिन इसकी शूटिंग में थोड़ी और देरी हो सकती है क्योंकि दीपिका अपनी बेटी दुआ की वजह से जल्दी काम पर लौटना नहीं चाहती हैं, जिसकी वजह से इसकी शूटिंग में और देरी हो सकती है। हाल ही में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने मुंबई में एक निजी कार्यक्रम आयोजित किया, जहां उन्होंने अपनी बेटी दुआ से पैपराजी को मिलवाया। वहीं इसी बीच मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसर, कार्यक्रम के दौरान जब दीपिका से कल्कि 2 के बारे में पूछा गया तो इस पर, अभिनेत्री ने कहा कि बेबी दुआ उनकी पहली प्राथमिकता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस दौरान दीपिका ने कहा कि आगामी फिल्मों पर जल्दी काम शुरू नहीं करेंगी, क्योंकि वह अपनी छोटी राजकुमारी को किसी नैनी के हाथों में नहीं सौपना चाहती हैं। दीपिका ने यह भी कहा, 'मैं अपनी बेटी को खुद पालूंगी, ठीक वैसे ही जैसे मेरी मां ने मुझे पाला है।' दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर, 2024 को अपनी बेटी दुआ पादुकोण सिंह का स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक प्यारी सी पोस्ट के जरिए अपनी बेटी के आने की खबर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी।



हॉलीवुड मसाला



## दर्जनों फिल्मों में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस, एक्टिविस्ट और मॉडल रहीं डेल हैडन की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई है। उनके पेंसिल्वेनिया स्थित घर पर उनकी लाश मिली। अधिकारियों का मानना है कि उनकी मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से हुई है। डेल हैडन बतौर मॉडल 1970 और 1980 के दशक में वोग, कॉस्मोपॉलिटन, एले और एस्क्वायर के कवर पेज पर दिखाई दीं। 1973 के स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड स्विमसूट एडिशन में नजर आईं। वह 1970 से 1990 के दशक तक लगभग दो दर्जन फिल्मों में भी दिखाई दीं।




## फिल्म 'मुफासा' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम

**मुंबई।** मुफासा द लायन किंग का जलवा बॉक्स ऑफिस पर कायम है। पहले दिन आठ करोड़ 30 लाख रुपये से अपनी शुरुआत करने वाली यह फिल्म नौवें दिन भी शानदार कमाई करने में कामयाब रही। दूसरे शनिवार को फिल्म ने नौ करोड़ 25 लाख रुपए का कलेक्शन किया। इसी के साथ फिल्म का कलेक्शन अब 90 करोड़ रुपए हो गया है। यह फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन के नौवें दिन के कलेक्शन से आगे रही। रेयान रेनॉल्ड और ह्यू जैकमैन की फिल्म ने नौवें दिन सात करोड़ 25 लाख रुपए की कमाई की थी। वहीं बेबी जॉन ने पहले दिन फिल्म ने महज 11.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं, दूसरे दिन फिल्म की कमाई में जबर्दस्त गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को 57.78 फीसदी की गिरावट के साथ फिल्म ने चार करोड़ 75 लाख रुपए की कमाई की। तीसरे दिन फिल्म का हाल और भी बुरा रहा।



## बेबी बंप फ्लॉन्ट करतीं आईं नजर...

**मुंबई।** आथिया शेट्टी और क्रिकेटर के एल राहुल जल्द पेरेंट्स बनने वाले हैं। कपल ने पिछले महीने खुशखबरी शेयर करते हुए बताया था कि वो जल्द दो से तीन होने वाले हैं। प्रेग्नेंसी के बाद से कपल ने मीडिया से दूरी बनाई हुई थी। लेकिन, अब अथिया का बेबी बंप के साथ का पहला वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक्ट्रेस को बेबी बंप के साथ देखा जा सकता है। ये वीडियो ऑस्ट्रेलिया का है जिसमें अनुष्का शर्मा भी नज़र आ रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि अथिया अनुष्का शर्मा के पीछे स्ट्रिप टॉप और डेनिम लॉन्ग स्कर्ट में नज़र आ रही हैं। वहीं, अनुष्का नेवाइट वाइट और बेज पैंट कैरी किया है। दोनों नितीश कुमार रेडी के परिवार से मिलने के बाद क्रिकेट स्टेडियम में घूमती नज़र आई। राहुल और अथिया ने लंबे समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद जनवरी 2023 में शादी कर ली थी।



## अमिताभ के घर में घुस गए थे मीका...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड गायक मीका सिंह ने अमिताभ बच्चन को लेकर बात की है। एक बार उन्होंने बताया कि वे अमिताभ बच्चन की पार्टी में घुस गए थे। मीका सिंह ने बताया कि उनके भाई दलेर मेहंदी ने उनके साथ शरारत की थी, जब उन्होंने फोन पर बच्चन के एक नकली व्यक्ति को बुलाया और मीका से बात करवाई। उन्होंने कहा, हर साल, मिस्टर बच्चन अपने घर पर दिवाली मनाते थे, और मैं वहां से गुजरता था और सभी सजावट की प्रशंसा करता था। मैं हमेशा आमंत्रित होना चाहता था। मेरे पास एक बड़ी कार थी, एक हम्मर, इसलिए मैं एक बार बिना निमंत्रण के उनके घर में घुस गया। मैंने कुछ चक्कर लगाए और बाहर निकल गया।' मैं उन्हें अपने शो में आमंत्रित करता था। मैं उन्हें संदेश भेजता था और वे जवाब देते थे, 'भगवान तुम्हारा भला करे।'

टीवी मसाला

## सलमान संग शादी की खबर पर संगीता ने दिया जवाब...

**नई दिल्ली।** सलमान खान अपनी लव लाइफ को लेकर हमेशा से खबरों में बने रहे हैं। एक्टर का नाम ऐश्वर्या राय, कैटरीना कैफ, सोमी अली के साथ जुड़ा। संगीता बिजलानी के साथ तो उनके शादी के कार्ड तक छप गए थे।



लेकिन बात शादी तक नहीं पहुंची। सलमान संग शादी के सच को संगीता बिजलानी ने कन्फर्म भी किया है। हाल में एक्ट्रेस इंडियन आइडल के शो पर पहुंची थीं। इसी दौरान एक कंटेस्टेंट ने जब दबंग खान से शादी के बारे में पूछा तो एक्ट्रेस मना नहीं कर पाई। इंडियन आइडल के नए प्रोमो में संगीता बिजलानी को बतौर गेस्ट के तौर पर देखा जा सकता है। कंटेस्टेंट रितिका राज सिंह ने एक्ट्रेस से सलमान खान संग शादी के कार्ड छपने की सच्चाई के बारे में पूछ लिया जिसे संगीता इग्नोर नहीं कर पाई। कंटेस्टेंट ने पूछा 'हमने सुना है कि आआप और सलमान सर के शादी कड कार्ड छप गए थे?' शो के जज श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी के साथ बैठीं संगीता ने कहा 'हां, ये झूठ तो नहीं है।'रिपोर्ट की मानें तो सलमान अपना फिल्मी करियर शुरू होने से पहले ही संगीता के साथ रिलेशनशिप में थे। दोनों ने करीब आठ साल एक दूसरे को डेट किया। शादी के कार्ड भी छप गए थे। लेकिन किसी बंधन में बंधने से पहले ही दोनों अलग हो गए। दोनों के ब्रेकअप के पीछे की सही वजह से सामने नहीं आई।

## अनिरुद्ध के पिता ने ललॉन को दिया ये ऑफर, बस्तीवालों ने दिया जवाब


**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में बोस परिवार मुसीबत से जूझ रहा है। अनिरुद्ध अपने पिता के ही खिलाफ हो गया है। शुभो ललॉन को पैसे देने जाएगा। वहां, बस्ती में उसे सब घेर लेंगे। बिपाशा और मृणालिनी के बीच भी बहस देखने को मिली। स्टार प्लस के सीरियल झनक में अबतक आपने देखा कि झनक मुंबई चली गई है और वो किडनैप हो गई है। वहीं, अनिरुद्ध के परिवार पर भी मुसीबत आ गई। अनिरुद्ध के परिवार को सात दिनों में अपना घर खाली करके जाना है। इस मुसीबत से बचने के लिए अनिरुद्ध के पिता,



माता, बिपाशा और लाल बस्ती में जाएंगे। अनिरुद्ध के पिता के बस्ती में पहुंचते ही सभी बस्ती वाले वहां आ जाएंगे। अनिरुद्ध के पिता को डर है कि उनके हाथ से उनका पैसा और घर जानेवाला है। अनिरुद्ध के पिता जैसे ही ललॉन के घर पहुंचेंगे वो उसे बाहर से ही आवाज देने लगेंगे। उनके आवाज देने पर बस्ती के लोग भी ललॉन के घर के बाहर आ जाएंगे। वो सब अनिरुद्ध के परिवार को देखकर गुस्सा करेंगे। बिपाशा जैसे ही कुछ बोलेगी बस्ती के लोग उसका मुंह बंद करवा देंगे।

## 'सिम्बा' के छह साल पूरे होने का सारा ने मनाया जश्न...

**मुंबई।** सारा अली खान ने अपनी एक्शन कॉमेडी फिल्म 'सिम्बा' के छह साल पूरे होने सोशल मीडिया पर फिल्म की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में फिल्म के लाजवाब सींस ने प्रशंसकों का दिल फिर से एक बार जीत लिया है। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। इसी बीच सारा ने रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित फिल्म 'सिम्बा' की कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रही हैं। सारा अली खान ने अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर फिल्म सिम्बा की शानदार झलक दिखाई है, जिसमें उनके और रणवीर सिंह के कई शानदार सींस देखकर प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं। यह फिल्म 28 दिसंबर, 2018 में रिलीज हुई थी और आज इस फिल्म को रिलीज हुए पूरे छह साल हो गए हैं। इसी मौके पर सारा ने फिल्म के कुछ शानदार पलों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर प्रशंसकों को सरप्राइज दिया है।



## देश ही नहीं, दुनियाभर में साल 2024 में बजा इन बॉलीवुड फिल्मों का डंका...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ तक भारतीय सिनेमा में कई फिल्मों ने इस साल सिनेमाघरों में दस्तक दी। कुछ पर दर्शक मेहरबान हुए तो रिकॉर्ड टूटे, वहीं कुछ फिल्में कब आईं और चली गईं पता नहीं चला। कुछ ऐसी फिल्में रिलीज हुईं, जिन्होंने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर तो धमाल किया ही, ग्लोबर स्तर पर भी झंडा बुलंद किया। देश के साथ-साथ विदेशों में इन फिल्मों ने जमकर नोट छापे।

**हनुमैन :** प्रशांत वर्मा के निर्देशन में यह फिल्म साउथ में रिलीज हुई। हिंदी भाषी दर्शकों तक भी इसे दर्शकों तक पहुंचाया गया। करीब 20 से 25 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। इतना ही नहीं, विदेशों में भी इस फिल्म को दर्शक बड़ी संख्या में देखने आए। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसने 201.63 करोड़ रुपए का इंडिया नेट कलेक्शन किया। वहीं, वर्ल्डवाइड फिल्म की कमाई 295 करोड़ रुपए रही।

**लापता लेडीज :** किरण राव के निर्देशन में बनी यह फिल्म इस साल की सबसे चर्चित फिल्म साबित हुई है। यूं तो इसे बहुत कम बजट में बनाया गया, लेकिन इसने कमाई अच्छी की है। कमाई से ज्यादा इसे तारीफें खूब मिली हैं। इस साल इसे भारत की तरफ से ऑस्कर में आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भी भेजा गया, हालांकि अंतिम सूची में यह जगह नहीं बना पाई। भारत में यह फिल्म जब थिएटर्स में रिलीज हुई तो खास नहीं चली, लेकिन ओटीटी पर आने के बाद इसने तहलका मचा दिया। फिर इसे विदेशों में





रिलीज किया गया और वहां भी दर्शकों से इसे प्यार मिला। भारत में इस फिल्म ने 20.58 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड कारोबार 27.06 करोड़ रुपए रहा।

**शैतान :** अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' भी इस लिस्ट में शामिल है। यूं तो इस साल अजय देवगन की कई फिल्में रिलीज हुईं-इनमें 'मैदान' से लेकर 'औरों में कहां दम था', 'नाम' और 'सिंघम अगेन' तक शामिल है। मगर उनकी फिल्म 'शैतान' का जो जलवा रहा, वह किसी का नहीं रहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म करीब 60 से 65 करोड़ रुपए की लागत के साथ बनाई गई। दुनियाभर में इसने 211 करोड़ रुपए का कारोबार कर डाला।

**कल्कि 2898 एडी :** इस साल जून में प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' रिलीज हुई। नाग अश्विन के निर्देशन में इस फिल्म को भारतीय दर्शकों ने खूब सराहा। इस फिल्म में वीएफएक्स का भी खूब कमाल दिखा। करीब 600 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 1,200 करोड़ रुपए कमाए। ओटीटी पर यह फिल्म नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

### मनोरंजन नहीं करती थीं फिल्में, ऑडियंस के लिए हुआ करते थे संदेश भी

## दर्शकों को आज भी याद हैं राजेश खन्ना के डायलॉग्स, मिलते हैं जिंदगी के सबक

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना की फिल्में सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन नहीं करती थीं, उनमें ऑडियंस के लिए संदेश भी हुआ करते थे। इसके अलावा अभिनेता की कई फिल्मों के डायलॉग्स भी खूब मशहूर हुए, इन डायलॉग्स में भी दर्शकों को जिंदगी के लिए गहरे सबक दिए गए हैं।*

### 'हम सब तो रंगमंच की कठपुतलियां हैं'

फिल्म आनंद (1971) में राजेश खन्ना ने एक बीमार व्यक्ति का किरदार निभाया था, जिसे पता है कि वह जल्द मर जाएगा लेकिन वह जिंदादिली से जिंदगी को जीता है। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने भी अभिनय किया था। इस फिल्म के अधिकतर डायलॉग्स फेमस रहे हैं। लेकिन सबसे मशहूर डायलॉग ये है- 'बाबू मोशाय.. जिंदगी और मौत ऊपर वाले के हाथ है जहांपनाहइसे न तो आप बदल सकते हैं न मैं.. हम सब तो रंगमंच की कठपुतलियां हैं जिनकी डोर ऊपर वाले की उंगलियों में बंधी है।' यह डायलॉग राजेश खन्ना का किरदार आनंद, अमिताभ बच्चन के किरदार से कहता है। आज भी यह डायलॉग दर्शकों के मन में बसा हुआ है क्योंकि इसमें जिंदगी को जीने का गहरा सबक छिपा है।



### 'इस दुनिया में दो टांग वाला जानवर'

फिल्म 'हाथी मेरे साथी (1971)' में राजेश खन्ना ने हाथियों के साथ शूटिंग की थी। यह फिल्म इंसान और जानवरों के बीच के एक अलग तरह के गहरे लगाव की कहानी को कहती है। इसी फिल्म का एक डायलॉग है-'इस दुनिया में दो टांग वाला जानवर सबसे खतरनाक जानवर है। इस डायलॉग में राजेश खन्ना का किरदार ऐसे इंसानों की बात कर रहा है, जो बहुत ही खतरनाक हैं, उन्होंने ऐसे ही लोगों को सबसे खतरनाक जानवर कहा। आज भी इंसान के रूप में ऐसे लोग मौजूद हैं, जो अमानवीय काम करते हैं, इंसानियत को शर्मसार करते हैं।

### 'इंसान को दिल दे जिस्म दे, दिमाग दे'

फिल्म 'रोटी (1974)' का एक डायलॉग दर्शकों के मन को विचलित करने की क्षमता रखता है। आज भी इस डायलॉग में कही गई बातें, हमारे समाज की सच्चाई हैं। फिल्म 'रोटी का यह डायलॉग है-'इंसान को दिल दे, जिस्म दे, दिमाग दे लेकिन ये कमबख्त पेट मत दे, उसे पेट देता है तो उसे भूख मत दे, उसे भूख देता है तो दो वक्त की रोटी का इंतजाम करके भेज वरना तुझे इंसान को पैदा करने का कोई हक नहीं है।'

### 'बड़ा आदमी तो वो होता है'

फिल्म 'अवतार (1983)' में राजेश खन्ना का खुद्दार इंसान का किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। इसमें एक डायलॉग है-'बड़ा आदमी तो वो होता है, जो दूसरों को छोटा नहीं समझता, यह डायलॉग बताता है कि कोई भी इंसान बड़ा या छोटा नहीं होता है, सभी समान हैं।

### 'एक छोटा सा जख्म बहुत गहरा दाग बन सकता है'

फिल्म आराधना (1969) में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर मुख्य भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। इस फिल्म का एक डायलॉग्स बहुत ही मशहूर है, जो इस तरह से है- 'एक छोटा सा जख्म बहुत गहरा दाग बन सकता है और एक छोटी सी मुलाकात जीवन भर का साथ बन सकती है।' यह डायलॉग फिल्म का हीरो, हीरोइन से कहता है।

### 'पुष्पा, मुझसे ये आंसू नहीं देखे जाते'

*फिल्म 'अमर प्रेम (1972)' का 'पुष्पा, मुझसे ये आंसू नहीं देखे जाते, आई हेट टियर्स' डायलॉग तो राजेश खन्ना की पहचान का अहम हिस्सा बन गया। आज भी जब राजेश खन्ना का नाम सुनाई पड़ता है तो 'आई हेट टियर्स' वाला डायलॉग ही सबसे पहले दर्शकों के मन में आता है।*

### 'किसी बड़ी खुशी के इंतजार में'

*फिल्म 'बावर्ची (1972)' राजेश खन्ना की एक शानदार फिल्म रही। इसमें भी जिंदगी के लिए बहुत से सबक हैं। एक डायलॉग इस फिल्म का है-'किसी बड़ी खुशी के इंतजार में, हम ये छोटी-छोटी खुशियों के मौके खो देते हैं। यह डायलॉग जब राजेश खन्ना फिल्म में कहते हैं, तो लगता है कि दर्शकों को जिंदगी जीने का कारगर मंत्र दे रहे हैं।*